# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







### आईआईटी से एमटेक के बाद ठुकराया लाखों का पैकेज

*केंद्रीय विद्यालय से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद वैभवी ने जेईई मेन्स क्लीयर किया। बांबे आईआईटी से एमटेक करने के बाद वैभवी अग्रवाल ने यूपीएसी में 35वां रैंक हासिल किया है। वैभवी ने बताया, एमटेक के बाद कई मल्टी नेशनल कंपनियों से जॉब ऑफर आए पर नौकरी नहीं की। अपने सपने को पाने के लिए जॉब ऑफर को ठुकरा दिया और 2023 से* ▶▶|शेष पेज 8 पर

**यूपीएससी रिजल्ट**

## देश में राजस्थान के अनुज टॉपर छग-एमपी से भी चुने गए होनहार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

यूपीएससी 2025 का परिणाम घोषित हो चुका है। पहले स्थान पर राजस्थान के अनुज अग्निहोत्री हैं। इनके अलावा टॉप-20 में शामिल अभ्यर्थियों के नाम भी सामने आ चुके हैं। इस बार सफल 958 उम्मीदवारों में 317 जनरल कैटेगरी, 104 ईडब्ल्यूएस, 3306 ओबीसी, 158 एससी, 73 एसटी वर्ग के हैं। यूपीएससी 2025 की लिखित मुख्य परीक्षा अगस्त 2025 में हुई थी। इसमें सफल होने वाले उम्मीदवारों के लिए फरवरी 2026 इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। इसके बाद आज अंतिम परिणाम की घोषणा हुई।

आयोग द्वारा जारी सूची के अनुसार, शीर्ष पदों पर इस बार भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। टॉपर्स की सूची में कई ऐसे नाम शामिल हैं ▶▶|शेष पेज 8 पर

**ये है टॉप 10**

1. अनुज अग्निहोत्री
2. राजेश्वरी सुवे एम
3. एकांश धुल
4. राघव झुनझुनवाला
5. इशान भटनागर
6. जिनिया अरोरा
7. एआर राजा मोहाइदीन
8. प्रकाश सेक्रेट्री
9. आस्था जैन
10. उज्जवल प्रियांक

## छग से छह, रायपुर से तीन, वैभवी की 35 वीं रैंक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

**खास खबर**

प्रदेश के 6 कैंडिडेट्स का भी चयन यूपीएससी में हुआ है। अन्य वर्षों की तुलना में इस बार रायपुर का प्रदर्शन अच्छा रहा है। चयनित होने वाले परीक्षार्थियों में से 3 रायपुर जिले के हैं। चयनित परीक्षार्थियों की एक बात कॉमन रही कि उनमें से सभी ने शुरुआत से ही अपना लक्ष्य स्पष्ट रखा। तैयारी भी इसके अनुसार ही की और सफलता हासिल की। हरिभूमि ने चयनित परीक्षार्थियों से विशेष चर्चा की। इनमें उन्होंने अपनी जिंदगी के उतार-चढ़ाव के अलावा परीक्षा की अपनी तैयारियों के तरीके भी साझा किए।


वैभवी अग्रवाल


दर्शना सिंह


डायमंड सिंह ध्रुव


रौनक अग्रवाल


अंकित सकनी


संजय डहरिया

**इनका हुआ चयन**

- वैभवी अग्रवाल, रायपुर, 35 वां रैंक
- दर्शना सिंह, एमसीबी 283 वीं रैंक
- डायमंड सिंह ध्रुव, धमतरी, 623वां रैंक
- रौनक अग्रवाल, रायपुर, 772 वां रैंक
- अंकित सकनी, बीजापुर, 816वां रैंक
- संजय डहरिया, महासमुंद, 946 वां रैंक

### किसान की बेटी, आईआईटी के बाद चुनी सेवा की राह



*मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले के जनकपुर की रहने वाली दर्शना सिंह ने 383वें रैंक के साथ सूची में अपना स्थान बनाया। दर्शना सिंह की माता सीमा सिंह नगर पंचायत जनकपुर की पार्षद हैं, जबकि उनके पिता अरुण सिंह किसान हैं। दर्शना सिंह ने बारहवीं तक की पढ़ाई अपने गांव के स्कूल से की है। उन्होंने गणित विषय लेकर 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की फिर जेईई के जरिए आईआईटी कानपुर में एडमिशन लिया। दर्शना सिंह जब पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी तभी से अधिकारी बनना चाहतीं थीं। अपने सपने को पूरा करने के लिए दर्शना सिंह बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद यूपीएससी की तैयारी के लिए दिल्ली चली गई। बकौल दर्शना, मुख्य परीक्षा तक के लिए किताबों का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। साक्षात्कार के लिए उन्होंने माता-पिता, शिक्षकों और दोस्तों से बात की। ज्यादा से ज्यादा अपने गांव, जिले, प्रदेश और प्रदेश के विषय में जानने का प्रयास किया। दर्शना फिलहाल आईपीएस ट्रेनिंग के साथ ही आईएएस बनने के लिए एक और प्रयास करते हुए तीसरा अटेम्प्ट देंगी।*

### 8 साल कैंसर से लड़ाई, फिर जीती यूपीएससी की जंग



*महासमुंद जिले के बेलटुकरी के एक किसान के बेटे संजय डहरिया के यूपीएसी चयन की कहानी बड़ी ही दर्दभरी और चुनौतीपूर्ण है। संजय ने हरिभूमि से खास बातचीत में बताया कि यूपीएसी की तैयारी से पहले वह 8 साल कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। जब वे कैंसर से उबरे, तब 2022 में यूपीएसी की तैयारी शुरू की। इसके लिए वह रायपुर के चौबे कॉलोनी में किराए से मकान लिया। नालंदा परिसर स्थित लाइब्रेरी में रोजाना सुबह 8 से रात 10 बजे तक 4 साल तक यूपीएसी की तैयारी करते रहे। संजय ने बाताया, स्नातक की पढ़ाई के दौरान समय 2012 में उन्हें कान के पास कैंसर डिटेक्ट हुआ, उसके बाद 8 साल तक मुंबई के टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाज चला। इस बीमारी ने शरीर को* ▶▶|शेष पेज 8 पर

### ईरान ने रियाद, कुवैत यूएई सहित कई शहरों पर किए हमले

# इजराइली बमबारी में ईरान के 20 सैन्य ठिकाने तबाह, मारे गए 1200 से अधिक



**एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान**

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन है। दोनों ओर से मिसाइलों और बमों की बारिश हो रही है जिसमें बड़ी संख्या में जानमाल का नुकसान हो रहा है। इजरायली लड़ाकू विमानों ने तेहरान के उत्तरी इलाकों और कई सरकारी प्रतिष्ठानों पर अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले किए। ईरान के 20 से अधिक सैन्य ठिकानों पर बमबारी की गई, जिसमें करीब 1200 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। वहीं ईरान ने ईरान ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद के अलावा कुवैत और यूएई सहित कई शहरों पर ड्रोन हमले किए।

इजराइल ने गुरुवार रात में लेबनान के कई शहरों पर हवाई हमले किए। लेबनान की मीडिया के मुताबिक इजराइली विमानों ने सरीफा, ऐता अल-शाब, टूलीन, सवाना और मजदल सेल्म जैसे शहरों को निशाना बनाया। वहीं ईरान ने ▶▶|शेष पेज 8 पर

### इजराइल-ईरान जंग से जुड़े बड़े अपडेट्स

- ईरान जंग से अब तक 4.35 लाख करोड़ का नुकसान
- युद्ध शुरू होने के साथ ही हर दिन अरबों रुपए हो रहे खर्च
- तेहरान में बमबारी के कारण आजादी स्टेडियम तबाह
- ट्रम्प ने खामेनेई के बेटे को उनका उत्तराधिकारी मानने से इनकार किया।
- अमेरिका-इजराइल हमलों में ईरान में 1332 लोगों की मौत।
- ईरान में अब तक 1300 हमले हुए, 14 मेडिकल सेंटर निशाना बने।
- इजराइल ने ईरान के 300 मिसाइल लॉन्चर तबाह किए।
- ईरान बोला- कुवैत-बहरीन और यूएई में 20 अमेरिकी बेस को नुकसान हुआ।

**ईरान ने कुवैत में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर भी किया हमला**
**इजराइल ने उड़ाया खामेनेई का सबसे सुरक्षित बंकर**



### अमेरीकी हमले से ईरानी युद्धपोत जलमग्न 148 नाविक लापता

हिंद महासागर में बुधवार को एक ऐसी सैन्य घटना घटी जिसने द्वितीय विश्व युद्ध की यादें ताजा कर दीं। अमेरिकी नौसेना की एक पनडुब्बी ने



ईरानी युद्धपोत आईआरआई आईएस डेना' पर टॉरपीडो से हमला कर उसे समुद्र में डुबो दिया। यह हमला श्रीलंका के गाले बंदरगाह से लगभग 40 समुद्री मील दूर हुआ। जहाज पर कुल 180 लोग सवार थे, जिनमें से केवल 32 को ही बचाया जा सका है। शेष 148 नाविक अब भी लापता हैं और समुद्र में शव उतराते देखे गए हैं।

### खामेनेई का अंडरग्राउंड बंकर तबाह

*इजराइल ने कहा है कि उसने तेहरान में अयातुल्ला अली खामेनेई से जुड़े एक अंडरग्राउंड बंकर को हवाई हमले में तबाह कर दिया। इजराइली सेना के मुताबिक इस कार्रवाई में उसके 50 लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया। बयान में कहा गया कि यह बंकर तेहरान के सेंट्रल हिस्से में कई सड़कों के नीचे तक फैला हुआ था और इसमें बैठक कक्ष समेत कई कमरे बने हुए थे। इजराइल का दावा है कि अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद भी ईरान के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी इस परिसर का इस्तेमाल करते रहे थे।*

### ईरान बोला- होर्मुज स्ट्रेट रूट बंद नहीं किया

ईरान की सेना का कहना है कि हमने होर्मुज स्ट्रेट को बंद नहीं किया है। यह इलाका अब अमेरिका की सैन्य गतिविधियों की वजह से असुरक्षित हो गया है, इसलिए कई शिपिंग कंपनियां वहां से गुजरने से डर रही हैं। ईरान का यह भी कहना है कि यह युद्ध उनकी मर्जी से शुरू नहीं हुआ था। हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर दुश्मन कोई गलत कदम उठाएगा तो उसे भारी नुकसान होगा।

### अमेरिका-इजराइल हमले में ईरान के 3000 घर तबाह

ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल के हमलों से देशभर में 3000 से ज्यादा घरों और करीब 500 दुकानों को नुकसान पहुंचा है। अब तक ईरान के 1300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इजराइली मीडिया के मुताबिक, इजराइली हमले में करीब 300 ईरानी मिसाइल लॉन्चर्स तबाह हो गए हैं।

### जमीनी हमले को लेकर ट्रम्प और ईरान बोले

ट्रम्प ने गुरुवार को एनबीसी को दिए इंटरव्यू में कहा कि फिलहाल अमेरिका ईरान पर जमीनी हमला नहीं करेगा। ऐसा करना समय की बर्बादी होगा। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि अमेरिका ईरान पर हमले जारी रखेगा। वहीं ईरान के रक्षा मंत्रालय ने ट्रंप के इस बयान पर कहा कि अगर ट्रंप जमीनी हमले के बारे में सोच रहे हैं ▶▶|शेष पेज 8 पर

### पंजाब में कांग्रेस का प्रदर्शन पुलिस ने चलाई वाटर केन

**चंडीगढ़।** पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के तहत राज्य विधानसभा का घेराव करने के लिए अवरोधक तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल किया। पुलिस ने सेक्टर 15 स्थित पंजाब कांग्रेस कार्यालय के बाहर अवरोधक लगा दिए थे।

### राष्ट्रपति मुर्मू का कार्यक्रम बदला, आज जाएंगी दार्जिलिंग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने पश्चिम बंगाल दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया है और अब वह एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को दार्जिलिंग जाएंगी। पहले उनका दो दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार को दार्जिलिंग रवाना होने का कार्यक्रम था। हालांकि, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के अचानक इस्तीफे के बाद यात्रा कार्यक्रम में संशोधन किया गया।

### बिजली क्षेत्र के कर्मचारी 10 को जाएंगे हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** बिजली क्षेत्र के अभियंताओं के संगठन एआईपीईएफ ने कहा कि देश के बिजली वितरण ढांचे को बदलने के उद्देश्य से प्रस्तावित कानून के विरोध में उससे जुड़े 27 लाख कर्मचारी 10 मार्च को काम का बहिष्कार करेंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने एक बयान में कहा, बिजली विधेयक 2025 को संसद में पेश करने की सरकार की योजना को लेकर बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं में सख्त नाराजगी है।









छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2026
के अवसर पर

### छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान अंतर्गत

# लखपति दीदी संवाद



07 मार्च 2026 | दोपहर 2:00 बजे

सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर (छ.ग.)

## संघर्ष से सम्मान तक, आगे बढ़ती बिहान की दीदियां

**08 लाख**
महिलाएं बनीं **लखपति दीदी**

**10 लाख**
अतिरिक्त महिलाओं को **लखपति दीदी** बनाने का लक्ष्य

**₹05 करोड़** का **बजट प्रावधान**
लखपति दीदियों के व्यवसायिक अनुभव के विस्तार हेतु **लखपति दीदी भ्रमण योजना** की शुरुआत

**2.8 लाख** स्व-सहायता समूह और **30.85 लाख परिवार** बिहान मिशन से जुड़े

महिलाओं को **प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता** से बनाया जा रहा आर्थिक रूप से **सशक्त**

महिला समूहों को उद्यम के लिए बेहतर जगह उपलब्ध कराने **368 महतारी सदनों** का हो रहा निर्माण





**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

*आईपीएल में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का रोल सीमित, रायपुर में हो सकता है आरसीबी का मैच पहला*

*रायपुर में होने वाले दो आईपीएल मैच पूरी तरह से रहेंगे कमर्शियल, इसलिए फ्री टिकट मिलने की संभवना कम*

### रायपुर में हो सकता है आरसीबी का पहला मैच

आईपीएल सीजन का 2026 का पहला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ही खेलेगी। आईपीएल की परंपरा के मुताबिक पिछले साल की विजेता टीम ही सीजन का पहला मैच खेलती है, और चूंकि आरसीबी ने आईपीएल 2025 का खिताब जीता था, इसलिए वे ही इस साल के ओपनिंग मैच का हिस्सा होंगे। अब ऐसी चर्चा है कि आरसीबी पहला मैच रायपुर में खेल सकती है। अभी इसकी घोषणा नहीं हुई है। बात दें कि दे कि रायपुर भी इस बार आरसीबी का होमग्राउड है। यहां दो मैच होंगे। बाकी 5 मैच अपने नियमित होमग्राउंड यानी चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी। इस बार टीम रायपुर में भी अभ्यास करने आ सकती है।

# आईपीएल में इस बार फ्री टिकट नहीं, आरसीबी बेचेगी 65 हजार टिकट, मंत्री-विधायकों के समर्थक होंगे निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

13 साल के लंबे इंतजार के बाद रायपुर में एक बार फिर आईपीएल मैचों की गूंज सुनाई देने वाली है। 28 मार्च से शुरू होने वाले इन मुकाबलों से पहले, फ्री टिकट की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को अब चिंता सताने लगी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस बार कॉम्प्लिमेंट्री फ्री टिकट बांटने का जिम्मा छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पास नहीं है। आईपीएल की फ्रेंचाइजी ▶▶| शेष पेज 8 पर



### 65 हजार टिकटों से होगी 10 करोड़ से अधिक की कमाई

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की दर्शक क्षमता 65 हजार है। अगर आरसीबी पूरी 65 हजार सीटें बेचती है, तो केवल टिकट बिक्री से ही 10 से 13 करोड़ रुपये तक की शानदार कमाई होगी। वहीं, अगर 10 हजार टिकट कॉम्प्लिमेंट्री बांटे जाते हैं, तब भी टिकटों ▶▶| शेष पेज 8 पर




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कच्चे तेल में उबाल से शेयर बाजार फिसला



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,097 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 315 अंक लुढ़क गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ।

### परीक्षा देने जा रहे भतीजे-भतीजी की हत्या



**सीहोर।** मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने बेटे के साथ मिलकर कथित तौर पर अपने ही भतीजे और भतीजी की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, घटना सिद्धिकगंज थाना क्षेत्र के धर्मपुरी गांव में सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, जब दोनों भाई-बहन परीक्षा देने जा रहे थे।

### साइबर ठगों ने बुजुर्ग से 2.25 करोड़ ठगे, 1 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में शामिल होने के आरोप में गुजरात से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एक बुजुर्ग को आतंकवाद से जुड़ी फर्जी जांच में गिरफ्तारी की धमकी देकर 2.25 करोड़ रुपये ठगे गए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी किशन भावेशभाई मकवाना ने कथित तौर पर साइबर जालसाजों के लिए बैंक खाते खोले थे ताकि वे पीड़ितों से चोरी किए गए धन को वहां रख सकें। उन्होंने बताया कि गोरेगांव के 77 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई।

होली के बाद शुक्रवार को राज्य में दो बड़े हादसों ने खुशियां मातम में बदल दी। जशपुर और बलौदाबाजार इलाके में हुए हादसों में दस की मौत हो गई। कई घायल हैं। जशपुर इलाके में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बलौदाबाजार इलाके में बस ट्रक के पीछे भिड़ गई। हादसों के बाद कोहराम मचा रहा। कई यात्री बस के नीचे दबे रहे। इनको निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

*करडेगा–कुनकुरी मार्ग पर बस पलटी, दबकर 5 की मौत*

*हादसे में 20 घायल, गंभीर लोगों को किया गया अंबिकापुर रेफर*

# होली की खुशियां मातम में बदली दो बसें दुर्घटनाग्रस्त, दस की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

जिले के करडेगा–कुनकुरी मार्ग पर शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। दुलदुला विकासखंड के गोड़ाअंबा गांव के पास तेज रफ्तार यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की दीवार तोड़ते हुए पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार अनमोल यात्री बस ▶▶| शेष पेज 8 पर

### मुख्यमंत्री ने जताया गहरा दुःख

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के दुलदुला विकासखंड अंतर्गत ग्राम गोडा अंबा के पास हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने इस दुर्घटना में लोगों के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि यह समाचार अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है।

### ब्रेक फेल होने से बस के अनियंत्रित होने की संभावना

#### 3 गंभीर घायल अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर

डॉक्टरों ने बताया कि कुछ घायलों की स्थिति अत्यंत गंभीर थी। ऐसे में तीन गंभीर रूप से घायल मरीजों को बेहतर उपचार के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रशासन की ओर से घायलों के इलाज के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।



#### लोगों का कहना बस की स्थिति कंडम

ग्रामीणों एवं अन्य लोगों से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीण रास्तों पर चलने वाली बस एकदम कंडम स्थिति में है। पता नहीं परिवहन विभाग ऐसी बसों को रोड पर चलने की अनुमति ही क्यों देती है।क्या बसों की फिटनेस जांच नहीं होती या फिटनेस जांच के नाम पर लीपापोती कर रास्तों पर चलने की अनुमति दे दी जाती है।

#### पुलिस व प्रशासन हुआ सक्रिय

सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया और सीएम कैंप कार्यालय बगिया के निर्देश पर तत्काल एम्बुलेंस सेवा घटनास्थल के लिए रवाना की गई। मौके पर पहुंची तीन एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुनकुरी और होली क्रॉस अस्पताल कुनकुरी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार जारी है।

### यात्री बस को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, पांच की मौत, 29 घायल



**सिमगा।** बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम दरचुरा में यात्री बस और ट्रक की टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 29 लोग घायल हो गए। इसमें 17 लोगों का राजधानी रायपुर में उपचार के लिए रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रक ने यात्री बस को पीछे से टक्कर मारी है। जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब 11 बजे के आसपास की बताई जा ▶▶| शेष पेज 8 पर

**इनकी हुई मौतः** त्रिवेणी साहू (62), दशरथ साहू (80), राधिका निर्मलकर (24), खुशी साहू (02), चंचल साहू (20)

# राजिम में आज सजेगा जिला संवाद का मंच

### हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की मौजूदगी में सत्ता और विपक्ष के बीच होगा मंथन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

हरिभूमि-आईएनए का जिला संवाद कार्यक्रम 7 मार्च को शाम 4 बजे राजिम के प्रेमरतन मैरिज पैलेस-रिसार्ट में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, जनप्रतिनिधि एवं अतिथियों से विभिन्न मुद्दों पर संवाद स्थापित करेंगे।

जिला संवाद कार्यक्रम में विभिन्न मुद्दों, विकास-योजनाओं तथा क्षेत्रीय अपेक्षाओं पर चर्चा होगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन के लिए हरिभूमि आईएनएच द्वारा जिला संवाद का आयोजन किया जा रहा है।

#### यह होंगे शामिल

कार्यक्रम में गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू तथा बिंद्रानवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक ▶▶| शेष पेज 8 पर

# मुख्यमंत्री साय की दो टूक- सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने दो टूक कहा है, सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ताहीन कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं भी निर्माण कार्य में कमी पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और ▶▶| शेष पेज 8 पर




#### तय हो समय सीमा

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण के टेंडर जारी होने से लेकर कार्य आवंटन (अवॉर्ड) तक की पूरी प्रक्रिया के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय की जाए। उन्होंने कहा कि कई ठेकेदार बहुत कम दर यानी बिलो रेट पर टेंडर प्राप्त कर लेते हैं, जिसके कारण कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति में संबंधित ▶▶| शेष पेज 8 पर

#### सड़क की खराब स्थिति पर नाराजगी

बैठक में बागबहार–कोतबा सड़क की खराब स्थिति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, यह सड़क कुछ वर्ष पहले ही बनी थी, लेकिन उसकी स्थिति तेजी से खराब हो गई है। यदि सड़क चार वर्ष भी नहीं चले तो इसका कोई औचित्य नहीं रह जाता। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए, इस सड़क के निर्माण में हुई ▶▶| शेष पेज 8 पर

# सुखोई विमान दुर्घटनाग्रस्त दोनों पायलट की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



असम के कार्बी आंगलोंग जिले में एक सुखोई सुखोई - 30एमकेआई फाइटर जेट के क्रैश होने से दो पायलट मारे गए। यह दुर्भाग्यपूर्ण हादया एक रूटीन ट्रेनिंग मिशन के दौरान हुआ था। कल शाम जोरहाट से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद जेट का रडार से कॉन्टैक्ट टूट गया था। गुरुवार को जोरहार से सुखोई के उड़ान भरने के बाद, प्लेन का ग्राउंड कंट्रोल से संपर्क टूट गया था।

#### आंगलोंग के इलाके में क्रैश हो गया

एक बयान में, आईएएफ ने पायलटों की पहचान स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरगकर के तौर पर की। वायुसेना ने कहा कि फाइटर जेट जोरहाट एयरबेस से लगभग 60 किलोमीटर दूर कार्बी आंगलोंग के एक पहाड़ी इलाके में गिरा।

# दिल्ली के उपराज्यपाल सहित कई राज्यों के बदले गए राज्यपाल

### तमिलनाडु, महाराष्ट्र, लद्दाख समेत कई राज्यों में फेरबदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कई राज्यों के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल बदले हैं। तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनाया गया है। दिल्ली के मौजूदा उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को अब केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला को तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है।



#### तमिलनाडु के राज्यपाल रवि को बंगाल की जिम्मेदारी

इससे पहले पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस और लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया था। तमिलनाडु के राज्यपाल रहे आरएन रवि को बंगाल का राज्यपाल बनाया गया है।

#### इन राज्यों के भी बदले गए राज्यपाल

नंद किशोर यादव को नागालैंड का राज्यपाल बनाया गया। लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) सैयद अता हसनैन को बिहार की जिम्मेदारी मिली है। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता अब हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

*19 अप्रैल से खुलेंगे कपाट*

# उत्तराखंड के चार धाम के लिए आज से पंजीकरण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

उत्तराखंड में होने वाली विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा का ऑनलाइन पंजीकरण शुक्रवार, 6 मार्च से शुरू हो गया है। इसके बाद अप्रैल में ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होगा। श्रद्धालु सुबह 7 बजे से आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल एप के जरिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं, जिससे वे यात्रा में शामिल हो सकें। बता दें कि सरकार ने सभी श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि यात्रा से पहले श्रद्धालुओं का पंजीकरण अनिवार्य है।

#### आधार कार्ड न होने पर ऐसे कराएं पंजीकरण

अधिकारियों ने बताया कि जिन श्रद्धालुओं के पास आधार कार्ड नहीं है, वो पंजीकरण काउंटर पर अपनी जानकारी देकर पास प्राप्त कर सकते हैं। यह व्यवस्था पिछले साल भी जारी थी। भौतिक तौर पर पंजीकरण कपाट खुलने से 2 दिन पहले 17 अप्रैल से शुरू हो जाएंगे।

*समर्पण की अटकलें तेज, गिरफ्तारी की अधिकारिक पुष्टि नहीं*

# झीरम-ताड़मेटला हमले का मास्टर माइंड गणपति नेपाल में गिरफ्तार?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माओवादी संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर व पूर्व जनरल सेक्रेट्री मुप्पाला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति के नेपाल में गिरफ्तार किए जाने की खबर पिछले दो दिन से सोशल मिडिया में वायरल हो रही है। वहीं गिरफ्तारी के बाद उसके भारत में आत्मसमर्पण को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। गणपति के नेपाल में गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि अब तक किसी भी एजेंसी ने नहीं की है।

- पोलित ब्यूरो मेंबर की गिरफ्तारी की खबर सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

गणपति के नेपाल में गिरफ्तार किए जाने व भारत में समर्पण किए जाने की खबर से एक बार फिर नक्सल ▶▶| शेष पेज 8 पर



#### कई बड़े हमलों से जुड़ा रहा नाम


सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार गणपति के नेतृत्व वाले दौर में देश के कई हिस्सों में बड़े नक्सली हमले हुए। इनमें 2010 का दंतेवाड़ा के ताड़मेटला हमला जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हुए और 2013 का झीरम घाटी हमला जिसमें कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की हत्या हुई जैसी घटनाएं शामिल हैं, इनके पीछे उसे रणनीतिक तौर पर जिम्मेदार माना जाता रहा है।

#### माओवादी संगठन का प्रमुख चेहरा रहा

दशकों तक भूमिगत जीवन जी रहे गणपति का नाम माओवादी आंदोलन के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता रहा है। आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में जन्मे गणपति छात्र जीवन में ही वामपंथी विचारधारा से प्रभावित हो गया था और धीरे-धीरे नक्सली गतिविधियों में सक्रिय हो गया। 1970 के दशक में उसने पीपुल्स वार ग्रुप से जुड़कर संगठनात्मक काम शुरू किया। रणनीतिक समझ और नेटवर्क मजबूत करने की क्षमता के कारण संगठन में उसका कद तेजी से बढ़ता गया। वर्ष 2004 में ▶▶| शेष पेज 8 पर



# संविधान के बीजगणित में हासिल शून्य



जिरहनामा
कनक तिवारी

संविधान किसी को नौकरी देने की गारंटी नहीं देता। अनुच्छेद 14 में जरूर कहता है कि हर अधिकार के लिए सबको बराबरी का दर्जा देने प्रतिबद्ध है। सुनने में यह हिदायत ब्रह्म वाक्य की तरह है। चोर दरवाजे अचानक 'खुल जा सिम सिम' का संदेश मौन ध्वनि में फुसफुसाते हैं। इसे वे लोग ही सुनते हैं जिन्हें वह संबोधित किया जा रहा है। नौकरियां देने लोकसेवा आयोग गठित होते हैं। उनमें पदाधिकारी नियुक्त होते हैं। नियुक्त करने वाले नेता, नामित पदाधिकारी तथा नीचे काम करने वाला नौकरशाही अमला मिलकर आपसी प्रतिशत भागीदारी तय करते रहते हैं।

भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा इन्सानी जमावड़ा व आकर्षक मीनाबाजार भी है। धर्म, जातियां, क्षेत्र, भाषाएं, बोलियां, बीमारियां, मच्छर, वेश्याएं, विधवाएं, परित्यक्ताएं, बलात्कृत महिलाएं, निठल्ले धार्मिक, तपेदिक, एड्स और दिल के मरीज और वकील वगैरह भारत से ज़्यादा दुनिया में कहीं नहीं हैं। लोकतंत्र संविधान के मुताबिक चल रहा है-पाठ्य पुस्तकों में विद्यार्थी यही तोतारटंत कर रहे हैं। परीक्षा में वही लिखने से ही पास हो पाते हैं। कमाई का चाबुक जब पेट की रोटी देने में ही हीलाहवाला करता है। तब सोचते, खोजते और पाते हैं कि लोकतंत्र को गलती से लोहे की दीवारों से घिरा किला क्यों नहीं समझा लिखा था। उसकी चहारदीवारी में संविधान ने मूल अधिकारों, मूल कर्तव्य और उनकी देखभाल के लिए न्यायालयों की चौकस पहरेदारी बिठा तो दी है। संविधान भोला है। उसे नहीं मालूम चोरी एक कला है। चोरों के वंशज हिकमत से रास्ते बना लेते हैं जो लुटे हुए व्यक्ति को दिखाई नहीं देते।

संविधान किसी को नौकरी देने की गारंटी नहीं देता। अनुच्छेद 14 में जरूर कहता है कि हर अधिकार के लिए सबको बराबरी का दर्जा देने प्रतिबद्ध है। सुनने में यह हिदायत ब्रह्म वाक्य की तरह है। चोर दरवाजे अचानक 'खुल जा सिम सिम' का संदेश मौन ध्वनि में फुसफुसाते हैं। इसे वे लोग ही सुनते हैं जिन्हें वह संबोधित किया जा रहा है। नौकरियां देने लोकसेवा आयोग गठित होते हैं। उनमें पदाधिकारी नियुक्त होते हैं। नियुक्त करने वाले नेता, नामित पदाधिकारी तथा नीचे काम करने वाला नौकरशाही अमला मिलकर आपसी प्रतिशत भागीदारी तय करते रहते हैं। परीक्षाएं होती हैं। इंटरव्यू होते हैं। काबिल परीक्षार्थी खारिज हो जाते हैं। चोर दरवाजे से नियुक्तियां होती रहती हैं। अवैध नियुक्तियों की पुश्तैनी संततियां पैदा होती रहती हैं। असफल लोग संविधान के अनुच्छेद 14 की समता की लाठी से पिट रहे हैं।

अनुच्छेद 39 कहता है देश की संपत्ति स्त्रोतों पर जनता का नियंत्रण होगा। मंदिर का प्रसाद सबको मिलेगा। देश आकर्षक मंदिर है। मंत्री पुजारी होते हैं। अमीर सबसे बड़े भक्त होते हैं। वे पुजारी की हैसियत तय कर मुनासिब दान दक्षिणा का प्रबंध करते है। मंदिर के गर्भगृह तक ईश्वर की मूर्ति छूकर लक्ष्मी का पुण्य हासिल करते हैं। ईश्वर की मूर्ति छूना आम भक्तों के लिए वर्जित होता है। धर्मस्थल में चढ़ा प्रसाद हैसियत के अनुपात में वीआईपी भक्तों को दिया जाता है। उनके सामने पुजारी गिड़गिड़ाता है। मानो वे भक्त नहीं भगवान हैं। भगवान खुद बुत बने रहते हैं। मंदिर में हो रही कॉरपोरेटी भक्तों की लीला को पराजय की भावना से देखते भर रहते हैं। धर्म के आडंबर के नवयुग का उदय हो गया है। देश मंदिर है। खनिजों, जंगलों की कुदरती संपत्तियों, नदियों के पानी और हवा के क्षितिज तक को प्रसाद बनाकर बांट दिया गया है। मुफलिस भक्तों को समझाया जाता है। चाहें तो पकौड़े तलने का व्यवसाय करके आर्थिक समृद्धि प्राप्त करें। कहावत सुनाते हैं 'पढ़े फारसी, बेचें तेल। यह देखो कुदरत का खेल।'




कहानियां सच भले नहीं हों। उनका संदेश सच होता है। राजा मोरध्वज ने आरी से अपने बेटे को ठीक बीच से चीर दिया था। वे न्याय करने बैठे थे। जहांगीर को तो बैल तक को न्याय देने का मन होता था। इन्साफ करती राजा डेनियल की कथाएं सुनाई जाती हैं और विक्रमादित्य की भी। सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट को उनका वंशज बनाकर अन्याय मिटाकर न्याय करने की पूरी ताकत दे दी गई है। न्यायाधीशों ने तय किया कि खुद के लिए न्याय पाना भी उनका पीढ़ियों तक उत्तरदायित्व होगा। पता नहीं यह अजूबा कैसे होता है। जज का बेटा जज, चीफ जस्टिस का बेटा चीफ जस्टिस होता चलता है। ईश्वरचंद्र विद्यासागर की नस्ल के गरीब घरों के पढ़ाकू लड़के वकालत में उस हद तक सफल नहीं होते जबकि जहीन होते हैं। जजों ने भी फिर कानून बनाया। सियासतदां लोगों ने भी मिली जुली कुश्ती की हामी भरी। जहां वकालत करते हैं। उसी हाईकोर्ट में जज बनेंगे। बेचारे छोटे अधिकारी तो अपने गृह जिले तक में नौकरी नहीं पाते। हाईकोर्ट के जज उसी इजलास में बैठकर न्याय करेंगे जहां कल तक खड़े होकर न्याय पाने कानूनी पैरवी करते थे। पुछल्ला यह भी कि रिश्तेदार, जूनियर, यार दोस्त और परिचित उसी अदालत में वकालत करते रहेंगे। संविधान टुकुर टुकुर देखता रहता है।

उद्योगपति संवैधानिक अधिकारों से लैस होकर देशभक्त होते हैं। शिक्षा और चिकित्सा दो बड़ी जरूरतें होती हैं। एक प्रदेश के मंत्री तो यहां तक कह गए हैं कि गरीब बहुत बच्चे पैदा करते हैं तो उन्हें अच्छी शिक्षा देने की जिम्मेदारी सरकार की नहीं है। उद्योगपतियों के मुखौटों ने सरकार से कहा। हमारे रहते बच्चों की शिक्षा की फिक्र सरकार क्यों करे। शिक्षा का निजीकरण कर दो। कुछ नियम शिथिल कर दो। न्यायालयों से उन पर कानूनी ठप्पा लगवा लो। बाकी धंधों में पिट चुके उद्योगपति रातोंरात शिक्षाधिपति बन गए। लाखों करोड़ों की फीस गरीब परिवारों की अंतड़ी से उखाड़े जा रहे हैं। घर बेचकर बच्चों को पढ़ाए जा रहे हैं। विरोध भी नहीं कर सकते। बच्चों की कापियां जांचने का काम भी तो निजी संसाधनों के कारिंदे करते हैं। पूरी युवा पीढ़ी पस्तहिम्मत, नौकरी लोलुप और कायर फौज बनी अमीरों की सेवा चाकरी के अभियान में जुटी है।

सरकारों के पास अस्पतालों और चिकित्सा के लिए भी धन नहीं है। संविधान में जिम्मेदारी अलबत्ता दी गई है। उद्योगपति देश सेवा की अपच की डकार लेते जनता को स्वस्थ करने के अभियान में जुट गए हैं। विश्व स्तर के अस्पतालों की श्रृंखलाएं बनाई जा रही है। विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक यंत्रों से लैस निजी अस्पताल नये ताजमहल हैं। डॉक्टर ताज हैं। अस्पताल महल हैं। दिक्कत यही है मोटी फीस लिए बिना इलाज कर पाने के गुर नहीं जानते। पढ़ाई का खर्च जो वसूलना है। वेंटिलेटर नामक यंत्र विशेषज्ञों की मुश्किलें दूर करने और मरीज को मुक्त करने ईजाद कर ही लिया गया है। पता नहीं चलता उस पर पड़ा व्यक्ति जीवित है या मृत। वह महाभारत के भीष्म की तरह बाणों की शैय्या पर पड़ा लगता है। लाखों रुपए वसूलने पर लाश परिवार को दी जाती है। परिवार गौरव महसूस करता मोहल्लेभर को बताता है कि मृतक वेंटिलेटर पर मरा था। उसने साधारण मौत नहीं पाई।

सत्ता के और भी कई चोर दरवाजे हैं। मुख्यमंत्री का बेटा मुख्यमंत्री, सांसद और विधायक का बेटा भी वही। लिखना नहीं आता फिर भी करोड़पति पिता की पुत्रोद्योग परंपरा के चलते आलिम फाज़लि पत्रकार और लेखक भी हो रहे हैं। सब ठीक चल रहा है। लोकतंत्र दलितों, आदिवासियों, पतितों, पिछड़ों और गरीब सवर्णों के बच्चों को सिखा रहा है कि अपने जीवन की कुरबानी करने से ही देश को तुम पर गौरव होगा।

## चिंतन

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती टकराहट ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में यह सवाल और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि किसी भी वैश्विक संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर गंभीर असर न पड़े। दरअसल, वैश्विक राजनीति और ऊर्जा आपूर्ति का गहरा संबंध है। जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है, उसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ता है। वर्तमान हालात में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मिडिल ईस्ट क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। यदि यह संकट और बढ़ता है तो देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं, साथ ही आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय रहते कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि देश में रसोई गैस की किल्लत न हो और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट सिलेंडर मिल सके। हालांकि फिलहाल भारत को एक अस्थायी राहत भी मिली है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिन का विशेष लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा, लेकिन यह राहत अस्थायी है और इससे यह भी स्पष्ट होता है कि ऊर्जा के मामले में भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों पर काफी हद तक निर्भर है। ऊर्जा क्षेत्र में यह निर्भरता भारत की संप्रभुता के लिए भी चुनौती बन सकती है। जब कोई देश अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है तो कई बार उसे अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ता है और ब्लैकमेलिंग का शिकार होता है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर पहले भी भारत को वैश्विक दबाव झेलना पड़ा है। इसी तरह अमेरिका द्वारा टैरिफ की धमकी देना भी यह संकेत देता है कि आर्थिक और ऊर्जा निर्भरता किसी भी देश को कमजोर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इस संदर्भ में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग माना जाता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आयात करता है। यदि ईरान और अन्य देशों के बीच तनाव के कारण यह मार्ग बाधित होता है तो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट गहरा सकता है।

विश्व अनाज दिवस
सुनील कुमार महला



# अन्न से आत्मनिर्भरता तक

अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं। 'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएं मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियां विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुंचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। 'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25 प्रतिशत दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

# सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है।

योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मानवता को शर्मसार कर रहा युद्ध**

जब भी दुनिया के किसी कोने में युद्ध होता है तब मिसाइलें, बम या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो, वो न धर्म देखते हैं, न जात या अन्य कोई चीज, इन सभी से मानवता शिकार होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल का ईरान के मिनाब स्थान पर ऐसा हमला एक स्कूल पर हुआ, जिसमें बहुत सी बच्चियों की मौत की खबर है। इसी तरह इस युद्ध में और भी बहुत से निर्दोष और निहत्थे लोग मर चुके हैं और मारे जा रहे हैं। यह खबरें दिल दहलाने वाली हैं और सवाल खड़े करने वाली है कि आखिर इन बच्चियों का क्या कसूर था? क्या हर मसले का हल मात्र युद्ध ही है? अगर हम इतिहास में हुए युद्धों पर नजर डाले तो यही बात सामने आएगी कि युद्ध हमेशा ही विनाशकारी और मानवता को शर्मसार करने वाले ही सिद्ध हुए हैं और इसमें निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए हैं। - राजेश पाठक, रायपुर

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में भारतीय समुदाय की पहचान के लिए समिति



सिंगापुर सरकार अगले पांच सालों में यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की पहचान को मजबूत करने, समुदाय को बेहतर बनाने की कोशिशों में समन्वय करने और युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए एक नई 'भारतीय साझेदारी और विकास पहल' (आईएनईआई) समिति बना रही है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अलग-अलग हितधारकों और सामुदायिक समूहों के साथ कई साझेदारियों और विचार-विमर्श के बाद किया जा रहा है, जिसमें 150 से ज्यादा सिंगापुरी-भारतीय संगठन और 35 साल तथा इससे कम उम्र के 240 से अधिक सिंगापुरी-भारतीय युवा शामिल हैं। आईएनईआई समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ परिवहन और विधि राज्य मंत्री मुरली पिल्लई करेंगे। इससमें संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश भी होंगे। दोनों ही भारतीय मूल के हैं। दिनेश ने कहा, 'यह समुदाय की, समुदाय के लिए एक समिति होगी। इसका मकसद भारतीय समुदाय में मजबूत नेटवर्क बनाना है, और उन साझेदारों को एक साथ लाना है जो पहले से ही जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं।'

## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत



रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज भारतीय नौसेना के लिए वॉरशिप्स और सबमरीन भारतीय शिपयार्ड्स में ही बन रही हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है 2030 तक दुनिया के टॉप टेन शिपबिल्डिंग नेशन्स में स्थान बनाना और 2047 तक टॉप फाइव में पहुंचना।
- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### विमान दुर्घटना



विमान दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश के निधन से मैं अत्यंत स्तब्ध हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और वीरतापूर्ण सेवा भारतीय वायु सेना की सर्वोच्च भावना को दर्शाती है।
- नितिन गडकरी, केंदीय राजमार्ग मंत्री

### दो नए कॉरिडोर



दिल्ली की रफ्तार अब और तेज़ होने जा रही है। 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद मोदी 18,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दिल्ली मेट्रो फेज-4 के तहत दो नए कॉरिडोर दिल्लीवासियों को समर्पित किए जाएंगे।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### ट्रंप के सामने नतमस्तक



भारत को रशिया से तेल ख़रीदने की इज़ाज़त देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इज़ाज़त की क्यो ज़रूरत है? मोदी जी, आख़िर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# ईरान युद्ध से भारत का भारी नुकसान, दुबई पोर्ट पर सड़ रहीं सब्जियां-फल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग से भारत को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। भारत के किसानों, आयातकों और निर्यातकों का माल दुबई पोर्ट पर फंसा है। भारत में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट पर भी माल की लोडिंग समय पर नहीं होने से भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। 28 फरवरी से दोनों पोर्ट पर काम ठप है। माल से भरे कंटेनर न इंपोर्ट हो रहे हैं और न एक्सपोर्ट हो रहे हैं। इस वजह से भारत को करोड़ों का नुकसान होगा।

## माल से भरे कंटेनर न इंपोर्ट हो रहे हैं और न एक्सपोर्ट

मिली जानकारी के अनुसार, दुबई की जेबल अली बंदरगाह पर महाराष्ट्र से गए करीब 1000 कंटेनर फंसे हैं, जिनमें फल और सब्जियां भरी हुई हैं। सप्लाई नहीं होने के कारण यह माल सड़ रहा है। दुबई का यह बंदरगाह जेबल अली पोर्ट मिडिल ईस्ट का सेंटर पॉइंट है। इस पोर्ट से खाड़ी देशों में शिपमेंट आती और जाती है, लेकिन पिछले एक हफ्ते से इस पोर्ट से माल खाड़ी देशों में नहीं जा रहा है और न ही माल भारत तक आ रहा है, इस वजह से नुकसान हो रहा है।

**जेबल अली बंदरगाह पर फंसे हैं कंटेनर**

### इससे होगा सबसे ज्यादा नुकसान

बता दें कि जंग के कारण सबसे ज्यादा नुकसान अंगूरों के निर्यातकों को होगा। क्योंकि रमजान के महीने में खाड़ी देशों में इस फल की मांग बहुत ज्यादा होती है। इसलिए इस बार 5000 से 6000 टन अंगूर का निर्यात किया गया था, लेकिन सप्लाई न होने के कारण यह माल स रहा है। अगर जंग खत्म न हुई तो पूरा माल खराब होगा और पूरा घाटा उठाना पड़ेगा। अगर जंग खत्म हो जाती है तो भी सड़ चुके माल का खरीदार मिलना मुश्किल होगा।



## भारत को करोड़ों का नुकसान होने की आशंका

बता दें कि दुबई पोर्ट पर फंसे कंटेनरों में केले, अंगूर, अनार, तरबूज, पत्तेदार सब्जियां और प्याज भरे हैं। यह चीजें कम समय तक टिकती हैं और 7 दिन में सड़ने लगी होंगी। वहीं कंटेनर पोर्ट पर ऐसे समय में फंसे हैं जब खाड़ी देशों में रमजान के दौरान फलों विशेषकर अंगूर और अनार की मांग चरम पर होती है, लेकिन इस बार युद्ध के कारण जहां रोजे रखने वालों को परेशानी हो रही हैं, वहीं भारत के कृषि निर्यातकों का कारोबार भी ठप होने की आशंका है।

**भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान**




**समुद्र में फंसा है करीब 1.5 करोड़ बैरल रूसी कच्चा तेल**

# अमेरिका से 30 दिन की विशेष छूट भारत ने रूसी तेल खरीदना किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी वित्त विभाग से 30 दिन की विशेष छूट मिलने के बाद भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने देश के पास समुद्र में फंसे करीब 1.5 करोड़ बैरल रूसी कच्चे तेल की खरीद फिर से तेज कर दी है। रिफाइनरियां यह कदम पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधाओं से पैदा हुई चिंताओं के बीच उठा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि अमेरिकी वित्त विभाग ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल कार्गो खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिवसीय लाइसेंस जारी किया है जिसके बाद रिफाइनरी कंपनियों ने अपनी खरीद तेज कर दी है। रूस के तेल के शीर्ष खरीदारों में शामिल भारत ने अमेरिका के दबाव के बाद अपनी रूसी तेल की खरीद कम कर दी थी। फरवरी में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर 10.4 लाख बैरल प्रति दिन रह गया जो नवंबर 2022 के बाद सबसे निचला स्तर है।

**पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करने की पहल**

**ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल की जंग से गहराया है वैश्विक संकट**



### खरीद के बीच संतुलन की रणनीति

अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर शुल्क में कटौती को भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद कम करने से जोड़ दिया था। सूत्रों ने कहा कि इसके कारण रूसी तेल के कई जहाज समुद्र में ही फंस गए थे। भारत अब पश्चिम एशिया की आपूर्ति में व्यवधान के बीच अपनी खरीद को एडजस्ट कर रहा है। ऐसे में भारतीय रिफाइनरियां अब घरेलू ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समुद्र में मौजूद रूसी कार्गो और अन्य स्रोतों से खरीद के बीच संतुलन बना रही हैं।

### बंगाल की खाड़ी में दर्जनभर टैंकर मौजूद

सूत्रों ने कहा कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में रूसी तेल के एक दर्जन से अधिक टैंकर मौजूद हैं। इसके अलावा आठ अन्य जहाज सिंगापुर के पास खड़े हैं जो कुछ ही दिन में भारत पहुंच सकते हैं। जिंस कारोबार का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के सुमित रितोलिया ने कहा कि छूट मिलने के बाद रिफाइनरियां तेजी से खरीद शुरू कर सकती हैं, जिससे निकट भविष्य में रूसी तेल का आयात 16 से 20 लाख बैरल प्रतिदिन तक पहुंच सकता है।

### यह कहा अमेरिका ने

इधर, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि भारत को छूट देने का फैसला सोच-समझकर लिया गया है और इसका उद्देश्य केवल पहले से समुद्र में फंसे हुए तेल के लेन-देन को अधिकृत करना है जिससे रूसी सरकार को कोई बड़ा वित्तीय लाभ नहीं होगा।

### अमेरिका के ऐलान के बाद बढ़ी हलचल

मध्य-पूर्व में चल रही जंग से पैदा हुए तेल-गैस की सप्लाई संकट के बीच भारत को तेल बेचने के लिए रूस जैसे तैयार बैठा था। जैसे ही अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने पर प्रतिबंधों से छूट दी, वैसे ही अब खबर आ रही है कि रूस ने भारत की पहुंच के भीतर बंगाल की खाड़ी में 1.5 करोड़ बैरल से अधिक तेल तैनात कर रखा है। दर्जनभर कार्गो फिलहाल या तो नहीं बिके हैं या इनका तेल किस बंदरगाह पर उतारा जाना है, यह तय नहीं है। ऐसे में ये जहाज एक हफ्ते या उससे भी कम समय में भारत पहुंच सकते हैं। इसके अलावा करीब 70 लाख बैरल रूसी यूराल्स तेल लेकर आठ और जहाज सिंगापुर के पास खड़े हैं और वो भी लगभग एक हफ्ते में भारत पहुंच सकते हैं। इसके अलावा कुछ और खेपें भूमध्यसागर और स्वेज नहर के रास्ते पूरब की ओर बढ़ रही हैं, जो एक महीने से कम समय में भारत पहुंच सकती हैं।

**नीतीश की बैठक में हुआ फैसला**

# निशांत आज जेडीयू करेंगे ज्वाइन, बिहार में यात्रा निकालेंगे

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत के सक्रिय राजनीति में कदम रखने की घोषणा हो गई है। निशांत कुमार शनिवार 7 मार्च को जनता दल यूनाइटेड की सदस्यता लेंगे। इसके बाद वे बिहार यात्रा पर निकलेंगे। पटना के एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पर नीतीश की मौजूदगी में हुई जेडीयू विधान मंडल दल की बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। नीतीश के राज्यसभा जाने के ऐलान के बाद शुक्रवार शाम को यह बैठक बुलाई गई। इसमें पार्टी के सभी विधायक, एमएलसी, सांसद, मंत्री और वरीय नेता मौजूद रहे। करीब एक घंटे तक चली इस बैठक से निकलने के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बैठक में सभी ने नीतीश कुमार के फैसले पर अपनी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि जेडीयू विधान मंडल दल की बैठक में नीतीश के बेटे निशांत कुमार को राजनीति में लाने की मांग विधायकों की ओर से की गई। इसके बाद जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि निशांत कल यानी शनिवार को पार्टी की सदस्यता लेंगे। इस पर सभी विधायकों एवं सांसदों ने अपनी सहमति जताई।



### नीतीश के राज्यसभा जाने पर भावुक हुए विधायक और मंत्री

इस बैठक में जेडीयू अधिकतर विधायक एवं मंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने पर भावुक हो गए। सभी ने एक सुर में कहा कि सीएम ने जो फैसला लिया है उससे पूरी आवाम दुखी है। हालांकि, सभी ने यह भी स्पष्ट किया कि वे नीतीश के इस फैसले के साथ खड़े हैं।

**नीतीश ने दिया भरोसा :** बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि वह चिंता न करें। वह दिल्ली में रहकर भी बिहार से जुडे रहेंगे और हर कदम पर उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं को कभी उनकी कमी नहीं खलेगी।

## आंध्रप्रदेश : तीसरा बच्चा होने पर मिलेगा खास पुरस्कार



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने ऐलान किया है कि राज्य सरकार ने जनसंख्या बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण, शिक्षा और सुरक्षा पैकेज की शुरुआत की है। इसके तहत अगर कोई परिवार तीसरे बच्चे को जन्म देता है तो उसे 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा तीसरे बच्चे को पांच साल तक हर महीने एक हजार रुपये सीधे खाते में दिए जाएंगे। वहीं, बच्चे के 18 साल की उम्र तक मुफ्त शिक्षा की गारंटी भी दी जाएगी। नायडू ने यह भी कहा है कि हर मां को 12 महीने का मातृत्व अवकाश और पिता को दो महीने का पितृत्व अवकाश उपलब्ध कराया जाएगा।

**अनिल अंबानी की और बढ़ीं मुश्किलें**

# ईडी का रिलायंस पावर से जुड़े ठिकानों पर छापा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को उद्योगपति अनिल अंबानी की ग्रुप कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत मुंबई और हैदराबाद में कई जगहों पर तलाशी ली। अधिकारियों के हवाले से बताया कि दोनों शहरों में कंपनी और उसके अधिकारियों से जुड़ी करीब 10-12 जगहों पर तलाशी ली। अधिकारियों के अनुसार,



एजेंसी की करीब 15 टीमें यह कार्रवाई कर रही हैं। ईडी कथित बैंक फ्रॉड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस के तहत अनिल अंबानी से जुड़ी कई कंपनियों की जांच कर रहा है।

### नहीं हुए थे समन पर उपस्थित

यह घटना तब हुई जब अनिल अंबानी 27 फरवरी को ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए, जबकि एजेंसी ने उन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए तलब किया था। हालांकि, इससे एक दिन पहले, 26 फरवरी को अंबानी दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश हुए थे। उन्होंने सुबह करीब 11 बजे जांचकर्ताओं के सामने अपना बयान दर्ज कराया था।

### एसआईटी का गठन

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) और उससे जुड़ी संस्थाओं से जुड़े कथित 40,000 करोड़ रुपये के बैंकिंग और कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। ईडी ने हाल ही में अनिल अंबानी समूह की एक अन्य कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में अंबानी की मुंबई स्थित पाली हिल में स्थित 3,716.83 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्ति 'अबोड' को जब्त कर लिया था। इससे पहले, इसी संपत्ति का 473.17 करोड़ रुपये का एक हिस्सा पहले ही जब्त किया जा चुका था। हालिया कार्रवाई के साथ, रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े मामलों में जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 15,700 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

**नेपाल की राजनीति में आ गया बड़ा भूचाल**

# नेपाल में जेनजेड का जलवा बालेन बनाने जा रहे सरकार!

एजेंसी ▶▶| काठमांडू

नेपाल में हुए ऐतिहासिक आम चुनाव की मतगणना और रुझानों ने देश की राजनीति में एक बड़े भूचाल का संकेत दे दिया है। अब तक के नतीजों और रुझानों में पुरानी और पारंपरिक पार्टियों, खासकर वामपंथी धड़े (कम्युनिस्ट पार्टियों) का सूपड़ा साफ होता दिख रहा है। वहीं, युवाओं के भारी समर्थन से आगे बढ़ रही राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) एक मजबूत लहर बनकर उभरी है। बालेन शाह की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने नेपाल चुनाव में बड़ी बढ़त बना ली है। आरएसपी 110 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं पार्टी ने तीन सीटों पर चुनाव जीत भी लिया है। आरएसपी की रंजू दर्शना ने काठमांडू-1 शिशिर खनल ने काठमांडू-6 और बिराज भक्त श्रेष्ठ ने काठमांडू-8 में सीटें जीतीं। पूरे चुनाव का सबसे दिलचस्प और हाई-प्रोफाइल मुकाबला झापा-5 सीट पर है, जहां काठमांडू के पूर्व मेयर, रैपर और आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेन शाह ने चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को मतों की गिनती में काफी पीछे छोड़ दिया है। पिछले साल सितंबर 2025 में हुए 'जेन जेड' आंदोलन के बाद यह पहला चुनाव है।

**रुझानों में पूर्व पीएम ओली बहुत पीछे**



बालेन शाह

### 60 फीसदी वोटिंग दर्ज

नेपाल में कल यानी 5 मार्च को प्रतिनिधि सभा (संसद के निचले सदन) की 275 सीटों के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव आयोग ने मतपेटियों को इकट्ठा करने के तुरंत बाद वोटों की गिनती जारी है। नेपाल चुनाव आयोग के अनुसार, कल हुए चुनाव में लगभग 60% वोटिंग दर्ज की गई। देश भर में बनाए गए 10,963 मतदान केंद्रों पर वोट डाले गए। मुख्य चुनाव आयुक्त राम प्रसाद भंडारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य 9 मार्च तक वोटों की गिनती पूरी करना है।







## महाराष्ट्र : किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने विधानसभा में राज्य का वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया। फड़नवीस ने एनसीपी नेता अजित पवार को बजट समर्पित करते हुए कहा कि दिवंगत नेता की स्मृति में एक स्मारक बनाया जाएगा। अजित पवार की जनवरी में विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बजट पेश करते हुए फड़नवीस ने कहा कि महाराष्ट्र देश का वित्तीय इंजन है, 2047 तक 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा। महाराष्ट्र के सीएम ने बजट में किसानों के सितंबर 2025 तक बकाया ऋण में दो लाख रुपये माफ करने की घोषणा की। फड़नवीस ने अपने बजट भाषण में राज्य के दिवंगत वित्त मंत्री अजित पवार को याद करते हुए कहा कि उनके सम्मान में एक उपयुक्त स्मारक बनाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सुनील मित्तल ने साझा की उत्तराधिकारी योजना




**नई दिल्ली।** सुनील भारती मित्तल ने उत्तराधिकार योजना की घोषणा की है। इसमें भारती एयरटेल की प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में उनके परिवार की अगली पीढ़ी को अधिक हिस्सेदारी मिलेगी। मित्तल ने निवेशकों के साथ हाल ही में हुई एक बैठक में उत्तराधिकार योजना की घोषणा की थी।

### चालू खाते का घाटा बढ़कर जीडीपी के 1.3 प्रतिशत पर




**मुंबई।** भारत का चालू खाते का घाटा (कैड) चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 13.2 अरब डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 11.3 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) था।

### आइकिया का 2027-28 तक मुनाफे में आने का लक्ष्य




**नई दिल्ली।** स्वीडन की दिग्गज फर्नीचर खुदरा विक्रेता आइकिया भारत में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक भारत में उसका परिचालन मुनाफे में आ जाएगा। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अगले चार-पांच वर्षों में 25 नए छोटे और मध्यम आकार के स्टोर खोलने की योजना है।

### रुपया छह पैसे टूटकर 91.70 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को छह पैसे टूटकर 91.70 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह गिरावट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआइ) के संभावित हस्तक्षेप के बीच हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली और विदेशी कोषों की निकासी से रुपये पर दबाव बना।

### टेलीग्राफ समूह का अधिग्रहण करेगा जर्मन का एक्सेल समूह




**लंदन।** जर्मनी के मीडिया समूह एक्सेल स्प्रिंगर ने ब्रिटेन के प्रतिष्ठित अखबार समूह टेलीग्राफ मीडिया ग्रुप का अधिग्रहण 57.5 करोड़ पाउंड (करीब 76.6 करोड़ डॉलर) में करने पर सहमति जताई है। दोनों कंपनियों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। इस सौदे के साथ टेलीग्राफ मीडिया ग्रुप के स्वामित्व को लेकर लंबे समय से चल रही प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 4.88 अरब डॉलर की बढ़ोतरी



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.11 अरब डॉलर घटकर 723.60 अरब डॉलर रहा था। इससे पूर्व इस वर्ष 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 725.72 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा था।

# सेबी से दो नए इंडेक्स डेरिवेटिव्स शुरू करने की बीएसई एक्सचेंज को मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- इस मंजूरी से बीएसई के डेरिवेटिव्स इंडेक्स की संख्या 2 से बढ़कर 4 हो जाएगी

शेयर बाजार में गुरुवार को बीएसई लिमिटेड के शेयरों में जोरदार तेजी देखने को मिली। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में 4 प्रतिशत तक उछल गए।

यह तेजी इस खबर के बाद आई कि मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एक्सचेंज को दो नए इंडेक्स पर डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट शुरू करने की मंजूरी दे दी है। ये दो नए इंडेक्स होंगे- बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 और बीएसई फोक्स्ड मिडकैप इंडेक्स। इस मंजूरी के बाद बीएसई के डेरिवेटिव्स इंडेक्स की संख्या 2 से बढ़कर 4 हो जाएगी। अभी तक बीएसई के पास सिर्फ सेंसेक्स और बैंकेक्स पर ही डेरिवेटिव्स उपलब्ध थे। इसके मुकाबले एनएसई में पांच इंडेक्स डेरिवेटिव उपलब्ध हैं।

## दो नए इंडेक्स होंगे- बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 और बीएसई फोक्स्ड मिडकैप इंडेक्स

### डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स की खासियत

बीएसई ने बुधवार को एक बयान में बताया कि इन इंडेक्स पर कैश-सेटल्ड मंथली इंडेक्स फ्यूचर्स और मंथली इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध कराए जाएंगे। इन कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी हर महीने के आखिरी गुरुवार को होगी। हालांकि एक्सचेंज ने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि इन दोनों इंडेक्सों पर फ्यूचर्स और ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स की शुरुआत कब से होगी।




### सेंसेक्स नेस्ट 30 इंडेक्स में सबसे अधिक लिक्विड कंपनियां

बीएसई सेंसेक्स नेक्स्ट 30 इंडेक्स में उन कंपनियों को शामिल किया जाता है जो बीएसई-100 की सबसे बड़ी और सबसे अधिक लिक्विड कंपनियों में आती हैं, लेकिन वे सेंसेक्स-30 इंडेक्स का हिस्सा नहीं होतीं। यह इंडेक्स मूल रूप से सेंसेक्स के बाद आने वाली बड़ी कंपनियों के प्रदर्शन को ट्रैक करता है और निवेशकों को नए ट्रेडिंग अवसर मुहैया करता है। वहीं बीएसई फोक्स्ड मिडकैप इंडेक्स, बीएसई के मिडकैप सेगमेंट की फ्री-फ्लोट मार्केट कैप के आधार पर टॉप 20 कंपनियों को ट्रैक करता है।

### कैपिटल मार्केट शेयरों में भी तेजी

कैपिटल मार्केट से जुड़े शेयरों में भी मजबूती देखी गई। निफ्टी कैपिटल मार्केट इंडेक्स गुरुवार को लगभग 1.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। इस इंडेक्स में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और केफिन टेक्नोलॉजीज के शेयर क्रमशः करीब 2.5 प्रतिशत और 2.3 प्रतिशत तक चढ़ गए थे।

### डेरिवेटिव सेगमेंट में विस्तार

फिलहाल बीएसई अपने बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स पर वीकली और मंथली दोनों तरह के डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट मुहैया करता है। इसके अलावा सेंसेक्स-50 और बैंकेक्स इंडेक्स पर भी मंथली एक्सपायरी वाले डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट उपलब्ध हैं।

## सरकार ने एस्मा के तहत आपातकालीन शक्तियों का किया इस्तेमाल

# सरकार ने रिफाइनरीज पर लगाया एस्मा एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है।

भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी, जिसमें से केवल 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया था, जबकि बाकी का आयात किया गया था। भारत का 85-90 प्रतिशत आयात सऊदी अरब जैसे देशों से आता है जो आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं।

### संघर्ष के कारण समुद्री मार्ग हुए बंद

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच एक सप्ताह से जारी संघर्ष के कारण यह समुद्री मार्ग बंद हो गया है। भारत में तेलशोधन क्षमता पर्याप्त होने के बावजूद तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार ने रिफाइनरियों को इसका उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

- मिडिल ईस्ट में संघर्ष से व्यवधान के कारण एलपीजी की उपलब्धता बढ़ाना
- देश की वित्त वर्ष 2024-25 में एलपीजी खपत 3.13 करोड़ टन थी
- इस उत्पादन में 1.28 करोड़ टन का उत्पादन घरेलू स्तर पर किया गया



### एलपीजी केवल खाना पकाने के लिए बेची जाएगी

मंत्रालय ने कहा है कि सभी तेल रिफाइनिंग कंपनियां प्रोपेन या ब्यूटेन का इस्तेमाल न तो पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्माण के लिए करेंगी और न ही उनका उपयोग, प्रसंस्करण, क्रैकिंग या रूपांतरण करेंगी। आदेश में कहा गया है कि इन गैसों से बनने वाली एलपीजी केवल घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के उपयोग के लिए बेची जाएगी।

### रसोई गैस का आपूर्ति निर्बाध बनाए रखेगी सरकार

इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कंपनियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। भारत में इस समय 33.08 करोड़ सक्रिय एलपीजी उपभोक्ता हैं और सरकार की कोशिश रसोई गैस की आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने की है।

### प्रोपेन और ब्यूटेन का अधिकतम उपयोग एलपीजी उत्पादन में हो

*पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। एलपीजी असल में प्रोपेन और ब्यूटेन गैसों का मिश्रण होता है और देश में इसका उपयोग मुख्य रूप से घरेलू रसोई गैस के रूप में किया जाता है। आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (एस्मा) के तहत जारी इस आदेश में तेल रिफाइनरियों से कहा गया है कि वे उत्पादित एलपीजी को केवल तीन सार्वजनिक तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) को ही उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही सरकार ने रिफाइनरियों को प्रोपेन एवं ब्यूटेन का उपयोग पेट्रोकेमिकल उत्पाद बनाने में करने से रोक दिया है।*

## महिला दिवस पर सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स द्वारा शेप ऑफ़ यू एआई एप लॉन्च

**कोलकाता।** ऐसी दुनिया में जहाँ शब्द अक्सर केंद्र में होते हैं, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स- भारत के अग्रणी अखिल भारतीय आभूषण खुदरा विक्रेताओं में से एक, जिसका विश्वास का 85 वर्षों से अधिक का इतिहास है- महिला दिवस के उपलक्ष्य में "शेप ऑफ़ यू एआई" एप्लिकेशन लॉन्च कर रहा है। परिष्कृत कारीगरी, डिज़ाइन की अखंडता और भारतीय सौंदर्यशास्त्र की गहरी समझ पर आधारित सेन्को की विरासत अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है जहाँ डिज़ाइन की बुद्धिमत्ता व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि से मिलती है। आप चाहे जो भी हों, आप सुंदर हैं।

महिला दिवस- "शेप ऑफ़ यू एआई" सेन्को की पहली विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली स्टाइलिंग पहल है, जो ग्राहकों के चेहरे की अनूठी बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के अनुरूप आभूषण चुनकर उनके आभूषणों के चयन के तरीके को पुनर्परिभाषित करती है। इस विश्वास पर आधारित कि हर चेहरा अद्वितीय होता है और इसलिए उसे सुशोभित करने वाले आभूषण भी अद्वितीय होने चाहिए – यह नवाचार तकनीक को व्यक्तिगत स्टाइलिंग के साथ सहजता से जोड़ता है। यह ग्राहकों को ऐसे डिज़ाइन खोजने में सक्षम बनाता है जो वास्तव में उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं। सेन्को की




यह समझ इसके मूल में है कि आज आभूषण केवल एक आभूषण नहीं, बल्कि पहचान और स्वयं की अभिव्यक्ति है। दशकों से, महिलाओं के पहनावे को निखारने के लिए आभूषणों का चुनाव किया जाता रहा है। अब, , सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स महिलाओं को ऐसे आभूषण चुनने के लिए आमंत्रित करता है जो उनके व्यक्तित्व को निखारें। पेश है ₹द शेप ऑफ यू₹, एक सहज स्टाइलिंग फिलॉसफी जो तकनीक द्वारा संचालित है और आभूषणों की खोज के तरीके को फिर से परिभाषित करती है, प्रत्येक चेहरे की अनूठी बनावट और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए। ₹द शेप ऑफ यू₹ के साथ, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स पारंपरिक स्टाइलिंग मानदंडों से आगे बढ़कर, फैशन के बजाय महिला को डिजाइन के केंद्र में रखता है। यह फीचर अब चुनिंदा , सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स शोरूम और , सेन्को ऐप पर उपलब्ध है। जो महिलाओं को अधिक आत्मविश्वासपूर्ण और सोच-समझकर आभूषण चुनने का तरीका प्रदान करता है।

# सोना 1,100 फिसला, चांदी 600 रुपए टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कारोबारियों द्वारा लगातार दूसरे सत्र में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली किये जाने से राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी भी फिसलकर 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सर्राफा बाजार में चांदी भी 600 रुपये टूटकर 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। विश्लेषकों ने कहा कि हाल ही में कीमती धातु की कीमतों में तेज उछाल के बाद व्यापारियों ने मुनाफावसूली की, भले ही वैश्विक रुझान मिश्रित रहे। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, नए सिरे से सुरक्षित-निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग के कारण सर्राफा की कीमतें ऊंचे स्तर पर कारोबार कर रही थीं। हाजिर सोना 14.70 डॉलर या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 5,095.81 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी 1.4 प्रतिशत बढ़कर 83.40 डॉलर प्रति औंस हो गई।



- सोना टूटकर 1.64 लाख रुपए प्रति दस ग्राम
- चांदी फिसलकर 2.71 लाख रुपए प्रति किलो


## स्पाइसजेट यूएई से 14 विशेष उड़ानों का करेगी संचालन




**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट पश्चिम एशिया संकट के कारण फंसे हुए यात्रियों को लाने के लिए शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 14 विशेष उड़ानों का संचालन करेगी। पश्चिम एशिया संकट के कारण भारतीय एयरलाइनों ने बृहस्पतिवार को 281 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी थीं और सरकार क्षेत्र के हालात पर बारीकी से नजर रख रही है। स्पाइसजेट ने कहा कि पिछले तीन दिनों में उसने यूएई से दिल्ली, मुंबई और कोच्चि के लिए 25 विशेष उड़ानों का संचालन किया है। एक बयान के अनुसार शुक्रवार को एयरलाइन फुजैराह से मुंबई के लिए नौ उड़ानों, दिल्ली के लिए चार उड़ानों और दुबई से पुणे के लिए एक उड़ान का संचालन करेगी।

# फ्लिपकार्ट ने 300 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनी ने अपने 'वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा' के बाद यह कदम उठाया
- छंटनी कई विभागों व कर्मचारियों के स्तर पर की गई

ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अपनी वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद 250-300 कर्मचारियों की छंटनी की है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। छंटनी कई विभागों और कर्मचारियों के स्तर पर की गई है। वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली यह कंपनी एक ओर जहां अपने प्रस्तावितआरंभिक सार्वजनिक निर्गम से पहले वरिष्ठ स्तर पर नियुक्तियां कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदर्शन के आधार पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। फ्लिपकार्ट ने बयान में प्रभावित कर्मचारियों की संख्या बताए बिना कहा, /"हम नियमित रूप से प्रदर्शन समीक्षा करते हैं, जो स्पष्ट रूप से तय किए गए मानकों के अनुसार होती है। इस प्रक्रिया के दौरान, कर्मचारियों का एक छोटा हिस्सा कंपनी छोड़ सकता है। हम प्रभावित कर्मचारियों को नौकरी बदलने या नए अवसर खोजने में मदद प्रदान कर रहे हैं। हालांकि, सूत्रों ने प्रभावित कर्मचारियों की संख्या 250 से 300 के बीच बताई है।दिसंबर, 2025 में फ्लिपकार्ट को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से अपना वैधानिक मुख्यालय सिंगापुर से भारत स्थानांतरित करने की मंजूरी मिल गई थी।

### कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां भी हुई

हाल के महीनों में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां हुई हैं, जिनमें सोमनाथ दास (उपाध्यक्ष, आपूर्ति श्रृंखला), दिग्विजय मिश्रा (उपाध्यक्ष, कॉरपोरेट संचार), विपिन कपूरिया (उपाध्यक्ष, व्यावसायिक वित्त), योगिता शानभाग (उपाध्यक्ष, मानव संसाधन) और अमेर हुसैन (उपाध्यक्ष, आपूर्ति श्रृंखला – ग्रॉसरी और त्वरित वाणिज्य) शामिल हैं।

# फरवरी में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में 44 फीसदी की वृद्धि



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- वाहन डीलर महासंघ फाडा ने जारी की रिपोर्ट
- फरवरी 2026 में कुल ईवी बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई

इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री में फरवरी में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फरवरी, 2026 में ईवी की कुल बिक्री बढ़कर 13,733 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9,505 इकाई थी।

इस क्षेत्र में टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। कुल वाहनों के पंजीकरण में कंपनी का हिस्सा 38.5 प्रतिशत रहा। इस दौरान कंपनी की बिक्री बढ़कर 5,568 इकाई पर पहुंच गई। पिछले साल फरवरी में यह आंकड़ा 4,020 इकाई था।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने फरवरी में 3,312 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी महीने 3,490 इकाई बिकी थीं। यानी इसमें लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट आई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले महीने 2,913 इकाइयां बेचीं, जबकि फरवरी, 2025 में कंपनी ने 508 वाहन बेचे थे। इसके बाद क्रमशः 384 और 306 इकाइयों के पंजीकरण के साथ विनफास्ट ऑटो और बीवाईडी इंडिया का स्थान रहा। दोपहिया वाहन क्षेत्र में, कुल बिक्री 46 प्रतिशत बढ़कर 1,11,709 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 76,722 इकाई थी।

### बजाज ने 25,328 वाहन बेचे

बजाज ऑटो ने 25,328 वाहन बेचे, और एथर एनर्जी की बिक्री 20,584 वाहन रही। इसके बाद हीरो मोटोकॉर्प और ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने क्रमशः 12,514 और 4,724 वाहन बेचे। वहीं ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की बिक्री में गिरावट आई। कंपनी ने फरवरी में 3,968 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी महीने 8,675 वाहन बिके थे, यानी लगभग 54 प्रतिशत की कमी हुई।

# तीन कंपनियों को आईपीओ के लिए सेबी की मिली मंजूरी

- तीनों कंपनियां मिलकर जुटाएंगी 3,300 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली।

बाजार नियामक सेबी ने ऊर्जा क्षेत्र की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, कलपुर्जा विनिर्माता माइलस्टोन गियर्स और एआई क्षेत्र की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आईपीओ के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर नियामक ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। सेबी की भाषा में 'टिप्पणी' जारी करने का अर्थ सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी मिलना होता है। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, ये तीनों कंपनियां मिलकर आईपीओ के जरिये 3,300 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में हैं।




*माइलस्टोन गियर्स 1,100 करोड़ जुटाएगी : माइलस्टोन गियर्स 1,100 करोड़ रुपये जुटाएगी, जिसमें 800 करोड़ रुपये नए शेयर और 300 करोड़ रुपये का ओएफएस है। बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज का प्रस्तावित आईपीओ 230 करोड़ रुपये के नए शेयरों और प्रवर्तक बॉनब्लॉक इंक द्वारा तीन करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश का संयोजन है।*

## मिडिल ईस्ट संघर्ष से ईंधन आपूर्ति हुई ठप

# गुजरात के मोरबी में करीब 100 सिरेमिक इकाइयां बंद

एजेंसी ▶▶| मोरबी (गुजरात)

- चेतावनी, आपूर्ति सामान्य न होने पर 400 इकाइयां होगी बंद

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल तथा ईरान के बीच युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति में आए व्यवधान के चलते गुजरात के मोरबी जिले में लगभग 100 सिरेमिक विनिर्माण इकाइयां बंद हो गई हैं।

उद्योग प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो अगले कुछ दिनों में अन्य 400 कारखाने भी बंद हो सकते हैं। मोरबी सिरेमिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (विट्रीफाइड टाइल्स खंड) के अध्यक्ष मनोज अरवड़िया ने कहा कि यदि प्रोपेन गैस की आपूर्ति बहाल नहीं होती है तो आने वाले दिनों में स्थिति और खराब हो सकती है।

### मोरबी दुनिया का सबसे बड़ा सिरेमिक विनिर्माण केंद्र

*मोरबी दुनिया के सबसे बड़े सिरेमिक विनिर्माण केंद्रों में से एक है, जहां घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए टाइल्स और अन्य सिरेमिक उत्पाद बनाने वाली सैकड़ों इकाइयां स्थित हैं। अरवड़िया ने कहा कि गुजरात गैस द्वारा आपूर्ति की जाने वाली गैस पर निर्भर इकाइयां वर्तमान में चल रही हैं, लेकिन सीमित उपलब्धता के कारण उनका भविष्य भी अनिश्चित दिख रहा है।*



### पुराने ऑडरों की ही आपूर्ति नहीं

अरवड़िया ने कहा, "गुजरात गैस के ग्राहक अभी भी काम कर रहे हैं, लेकिन यदि हम वर्तमान उपलब्धता (जो लगभग 50 प्रतिशत है) के आधार पर गणना करें, तो वे इकाइयां भी 20 मार्च तक बंदी का सामना कर सकती हैं। ईंधन आपूर्ति में व्यवधान ने निर्यात प्रतिबद्धताओं को भी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, "निर्यात के जो ऑर्डर हम पहले ही तैयार कर चुके हैं, उन्हें भेजा नहीं जा सकता। कई नए निर्यात ऑर्डरों को भी रोक दिया गया है।"

### पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं

अरवड़िया ने कहा, "युद्ध जैसी मौजूदा स्थिति के कारण पिछले दो दिनों से प्रोपेन गैस उपलब्ध नहीं है और ईंधन पर निर्भर लगभग 100 इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं।" उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आपूर्ति की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो प्रोपेन का उपयोग करने वाली लगभग 400 और इकाइयां एक सप्ताह के भीतर परिचालन बंद करने के लिए मजबूर हो सकती हैं।

### श्रमिकों के लिए स्थिति गंभीर

उद्योग में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी स्थिति गंभीर है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने स्थिति पर चिंता व्यक्त की है और उद्योग को सहायता प्रदान करने के लिए जानकारी मांगी है।

## सोसाइटी प्रबंधकों की चिंता- धान ज्यादा सूखा तो उनसे होगी भरपाई

# छत्तीसगढ़ में 35 डिग्री का तापमान, 36 लाख मीट्रिक टन धान पर बरसा रहा है सूखत का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में इस समय औसत तापमान 35 डिग्री सेंटीग्रेड के आसपास जा पंहुचा है, उधर दूसरी ओर राज्य के धान खरीद केंद्रों में करीब 36 लाख मीट्रिक टन धान जमा है। मौसम की यह तपिश 17 प्रतिशत नमी की मात्रा के साथ खरीदे गए धान पर सूखत का खतरा बरसा रही है। जितनी अधिक गरमी पड़ेगी, धान भी उतनी तेजी से सूखेगा और उसका वजन कम होगा। वजन में कमी की कीमत सोसाइटियों के धान खरीदी प्रभारी और सोसाइटी प्रभारी जैसे कर्मियों को चुकानी पड़ेगी।

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की दो दिनों की विस्तारित अवधि समाप्त होने के बाद अब सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों में मार्च के पहले सप्ताह तक 36 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है। इस बीच गरमी बढ़ने से धान में सूखत का मात्रा बढ़ने लगी है। सोसाइटी प्रबंधकों का दावा है कि 40 किलो वजन वाले एक कट्टा धान में 400 से 500 ग्राम तक सूखत आ रही है, यानी गरमी से धान सूखने पर वजन कम हो रहा है। राज्य में सरकार ने खरीफ सीजन 2025-26 में 25 लाख से अधिक किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा है। धान का समर्थन मूल्य और बोनस की राशि सरकार ने किसानों को अदा कर दी है। लेकिन अभी भी उपार्जन केंद्रों में 36 लाख 52 हजार 936 मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं हो पाया है। जितने धान का उठाव हुआ है उसमें से एक बड़ा हिस्सा मिलरों को दिया गया है। मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में 14 लाख 89 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान भेजा गया है।

### उठाव जारी, लेकिन रफ्तार की कमी



#### धान में पानी मिलाने का मामला सामने आया

धान में गरमी की वजह से सूखत का मामला सामने आने के साथ ही अब ये जानकारी भी सामने आई है कि मंदिर हसौद क्षेत्र की मनरेठी सोसाइटी में धान के बोरों में पानी छिड़क कर वजन बढ़ाने की कोशिश की जा रही थी। इस दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियों वायरल होने के बाद सोसाइटी प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है। पानी छिड़कने वाले हमालों को काम से निकाल दिया गया है।

#### ये है मामला

राज्य में खरीफ सीजन 2025- 26 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी की जा रही है। यह खरीदी नियमित रुप से 31 जनवरी तक चली. इसके बाद दो दिनों के लिए और खरीदी बढ़ाई गई। इधर उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव या परिवहन न होने से जमा धान की मात्रा बढ़ती ही गई। गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ रही है सूखतखरीदी के बाद धान को कैपकवर में उपार्जन केंद्र में ही सुरक्षित रखा जाता है, लेकिन इस धान की मौसम की गरमी से बचाना मुश्किल होता है। इस बार भी यही हो रहा है। जब धान की खरीदी की जाती है तो उसमें 17 प्रतिशत तक की नमी मान्य की जाती है। लेकिन यही नम धान गरमी की वजह से जब सूखता है तो उसका वजन काम हो जाता है।

#### एक कट्टे में 4 से 5 सौ ग्राम की कमी

अभनपुर क्षेत्र के कुछ सोसाइटी प्रबंधकों की मानें तो 40 किलो के एक कट्टे में 400 से 500 ग्राम तक धान के वजन में कमी आ रही है। इनका कहना है कि उपार्जन केंद्र में ही कट्टा तौलने पर ये कमी सामने आई है, धर्मकांटे में तौलने पर भी इसी अनुपात में कमी नजर आ रही है। सोसाइटी प्रभारियों की चिंता इस बात को लेकर है कि अगर धान के वजन में कमी हुई तो उन्हें अपनी जेब से भरपाई करनी पड़ेगा। अगर ये रकम जमा नहीं कर पाए तो उनके खिलाफ गबन के आरोप में एफआईआर हो सकती है जैसा कि पिछले सीजन में हुआ था। इस समय भी धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के खरीदी प्रभारी, और सोसाइटी प्रबंधक इस बात के इंतजार में हैं कि उनके उपार्जन केंद्र में जमा धान का उठाव हो जाए। लेकिन यह प्रक्रिया धीमा रफ्तार से चलने की वजह से उनकी चिंताएं बढ़ती जा रही है।

## पोर्टल में खुला पिछले माह वितरण का आप्शन, छूटे हितग्राहियों का अब लैप्स नहीं होगा चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में चावल उत्सव के तहत एक साथ दो महीने का चावल कार्ड धारकों को वितरित किया जा रहा है। प्रदेशभर में 90 प्रतिशत तक चावल वितरण हो चुका है, लेकिन लगभग 9 प्रतिशत कार्डधारकों को राशन दुकानों में स्टॉक की कमी के कारण फरवरी का महीना खत्म होने के बाद भी चावल मिल नहीं पाया। इन धारकों को मार्च महीने में बैक माह का ऑप्शन नहीं खुलने के कारण फरवरी माह का चावल लैप्स होने का भय था, लेकिन 3 मार्च को यह ऑप्शन खुल गया है। इसके बाद अब छूटे हुए धारक भी अपना दोनों महीने का चावल उठा पाएंगे। हालांकि राशन दुकानों में अभी भी बीपीएल चावल के साथ शक्कर का टोटा है, जिसके कारण मंगलवार को भी राजधानी रायपुर के कई राशन दुकानों से त्योहार के दौरान में भी हितग्राहियों को बैरंग लौटना पड़ा।

### शक्कर गायब, होली की मिठास हुई कम

होली के पहले ही कई राशन दुकानों से शक्कर का स्टॉक खत्म हो चुका है। सूत्रों के अनुसार, लगभग 20 प्रतिशत कार्डधारकों को पिछले महीने शक्कर ही वितरित नहीं हो पाई, जिसके कारण हितग्राहियों की शक्कर भी लैप्स हो गई। चालू महीने में भी त्योहार के पहले कई राशन दुकानों में शक्कर का स्टॉक पहुंचा नहीं है। इस कारण इसका वितरण भी नहीं हो पा रहा है। होली में भी शक्कर नहीं मिलने के कारण कई हितग्राही बिना शक्कर के त्योहार मनाएंगे।

### कलेक्टर के निर्देश- पर्याप्त मात्रा में चावल-शक्कर का भंडारण कर

पोर्टल पर फरवरी माह का ऑप्शन खुलने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने खाद्य विभाग और नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को उचित मूल्य की सभी दुकानों में पर्याप्त मात्रा में चावल और शक्कर का भंडारण कराने के निर्देश दिए हैं। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कई उचित मूल्य की दुकानों में चावल और शक्कर का भंडारण नहीं हो पाया है। यहीं कारण है कि पिछले महीने का ऑप्शन पोर्टल में खुलने के बाद भी हितग्राहियों को दो माह का चावल वितरण नहीं हो पा रहा है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-211-25-26, दि. 26-02-2026 कार्य : 02 वर्षों की अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एलएचएस के एप्रोच रोड सम्प, एलएचएस 15 नग (बी.के. 06, 09, 10, 11, 12, 13, 15, 17, 18, 21, 24 एलएचएस–356, 359, 366 और 365) का निर्जलीकरण एवं गाद निकालना। निविदा मूल्यः 2,37,92,230.00/–, अमानत राशिः ₹ 2,69,000.00/–, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-212-25-26, दि. 26-02-2025 कार्य : 02 वर्षों की अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एलएचएस के एप्रोच रोड सम्प, एलएचएस 16 नग (बी.के.27, 29, 30, 31, 37, 39, 41, 43, 44, 46, 47, 52, 54, 55, 58, 60) का निर्जलीकरण एवं गाद निकालना। निविदा मूल्यः 1,45,14,670.00/– अमानत राशिः ₹ 2,22,600/–, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 10–03–2026 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः 24–03–2026 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई–निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई–टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/730 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

## नगरीय निकायों और पंचायतों के 1134 पदों के लिए उप चुनाव तैयारी

■ राज्य निर्वाचन आयोग ने अद्यतन सूची, जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों और पंचायतों में रिक्त पदों के लिए चुनाव की तैयारी राज्य निर्वाचन आयोग ने शुरू कर दी है। मतदाता सूची के एसआईआर की अंतिम सूची आने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव सूची को अद्यतन करने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि अप्रैल माह के अंत तक चुनाव के लिए सभी तैयारी पूरी कर रिक्त पदों पर चुनाव कराया जाएगा।

राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य के नगरीय निकायों में अध्यक्ष के 6 एवं पार्षद के 75 पद तथा ग्रामीण निकायों में जनपद पंचायत सदस्य के 6 पद, सरपंच के 70 पद तथा पंच के 977 पद रिक्त हैं। कुल मिलाकर लगभग 1134 पदों पर जिन पर उप चुनाव कराया जाना हैं। बताया गया है कि राज्य निर्वाचन कार्यालय की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को अपने क्षेत्र में रिक्त पदो के अनुसार तैयारी करने कहा गया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने स्थानीय निकायो के आगामी आम एवं उप निर्वाचन की तैयारियों की पिछले दिनों समीक्षा की थी। निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य बेहतर समन्वय से कार्य का अव्हान किया।

### चुनाव कार्यक्रम शीघ्र जारी होगा

चुनाव के लिए विशेष रूप से मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को प्राथमिकता देते हुए आगामी आम /अप निर्वाचन हेतु आवश्यक ,निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग से विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक नामावली का अद्यतन डाटा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। उक्त नामावली प्राप्त होते ही जिससे स्थानीय निकाय के आगामी चुनाव हेतु समयबद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी तथा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

## जरूरतमंद युवाओं को मिल रहा स्मृति पुस्तकालय योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला प्रशासन की पहल पर जरूरतमंद अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें तथा इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स मिल सके, इसके लिए स्मृति पुस्तकालय योजना चलाई जा रही है।

इस योजना के तहत लोग अपनी पुरानी पुस्तकें तथा इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स दान भी कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को जिला पंचायत लाइब्रेरियन डॉ. मीनाक्षी वाजपेयी ने इतिहास की पुस्तकें जिला प्रशासन को दान की हैं। कलेक्टर गौरव सिंह ने उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रमाण पत्र एवं प्रेरक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास से जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

### 8100 से अधिक पुस्तकें दान

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत अब तक 8100 से अधिक पुस्तकें एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स दान की जा चुकी हैं, जिनका लाभ जिले के अनेक विद्यार्थियों को मिल रहा है। यह अभियान केवल पुस्तक दान तक सीमित नहीं, बल्कि युवाओं के सपनों को संवारने और उनके भविष्य निर्माण का संकल्प है। कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें।

**कार्यालय नगर पंचायत नई लेदरी, जिला-मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर (छ.ग.)**

क्र./503/न.पं./नि.आ.सू./2025-26 नई लेदरी दिनांक 06/03/2026

**मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) | निविदा प्रपत्र डाउलोड कर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 08 में पुराना नगर पंचायत भवन का जीणोद्वार कार्य। | 5.00 | 30.03.2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट WWW.uad.cg.gov.in पर अथवा कार्यालयीन में अवधि में कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत नई लेदरी
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

## एमएससी नर्सिंग के लिए व्यापमं ने खोला पोर्टल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए पोर्टल खोल दिया है। प्रवेश परीक्षा 14 मई को आयोजित की जाएगी। आवेदन 3 मार्च से 27 मार्च तक व्यापम की वेबसाइट पर ऑनलाइन किए जा सकेंगे। परीक्षा केंद्र केवल रायपुर और बिलासपुर में बनाया जाएगा। इस प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रदेश के स्नातकोत्तर नर्सिंग पाठ्यक्रम में छात्रों को प्रवेश मिलेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार पेण्ड्रारोड, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र 202512280100001/अ-19(3)/2025-26
ग्राम सेमरा, प.ह.नं. 21

**// उद्घोषणा//**

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम सेमरा को सूचित किया जाता है कि सहायक संचालक उद्यान, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/उद्यान/तक./भवन निर्माण/2025-20 गौरेला, दिनांक 04/12/2025 अनुसार संचालनालयीन पत्र क्रमांक/उद्यान/बजट /2025-26/4658 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 17/10/2025 के द्वारा कार्यालय सहायक संचालक उद्यान भवन निर्माण हेतु राशि रूपये 71.00 लाख (इकहत्तर लाख रूपये) आबंटित किया गया है इस हेतु पूर्व में ग्राम पंचायत सेमरा स्थित भूमि ख.नं. 121/1 रकबा 37.66 एकड में से 0.25 एकड भूमि राहायक संचालक उद्यान के कार्यालय भवन निर्माण हेतु चिन्हांकित किया जाकर हस्तांतरित किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त संबंध में कलेक्टर महोदया जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) से प्रकरण मूलतः जाँच प्रतिवेदन हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पेण्ड्रारोड के माध्यम से प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उपरोक्त भूमि को शासन के नियमानुसार ग्राम सेमरा स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 121/1 रकबा 37.66 एकड में से रकबा 0.25 एकड भूमि आवंटन हेतु स्थल चयन करने का पत्र प्राप्त हुआ यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति लिखित में दिनांक 11.03.2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

आज दिनाँक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार पेण्ड्रारोड**

## लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स के भुगतान के लिए फेडरेशन की हाईकोर्ट में याचिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर याचिका क्रमांक दायर की गई है। मामले की प्रथम सुनवाई सोमवार को हुई, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य शासन को चार सप्ताह के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु नोटिस जारी किया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की प्रांतीय बैठक में आयोजित की गई थी। बैठक में वर्ष 2017 से लंबित महंगाई भत्ता (डीए) एरियर्स की राशि के भुगतान के संबंध में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के विरुद्ध पारित आदेश पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त आदेश के आलोक में राज्य शासन से लंबित डीए एरियर्स के भुगतान हेतु शीघ्र निर्णय की मांग की जाए। इस संबंध में फेडरेशन द्वारा शासन को विधिवत ज्ञापन भी सौंपा गया है। साथ ही, साथियों द्वारा फेडरेशन को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में अपील दायर करने हेतु अधिकृत किया गया। उसी क्रम में फेडरेशन द्वारा लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि वह कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु सतत प्रयासरत है। संगठन संवाद के माध्यम से समाधान निकालने के साथ-साथ आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक एवं न्यायिक संघर्ष को भी पूरी मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**homefirst** We'll take you home

**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

**13 (2) के तहत मांग सूचना**

आप, निम्नलिखित ऋणधारक, ने अनुसूची में उल्लिखित संपति को गिरवी रखकर ऋण लिया है और आप ही ने ऋण समझौते के लिए ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार के रूप में कार्य किया है। आपके द्वारा किए गए चूक के परिणामस्वरूप, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफेसी अधिनियम) के प्रावधानों के तहत **05-03-2026** को आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। हम, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के साथ धारा 13(13) के तहत आपके द्वारा दिए गए पते पर मांग नोटिस जारी किया है। उक्त नोटिस **05-03-2026** को जारी किए गए हैं और इनमें कहा गया है कि आपने आपको स्वीकृत विभिन्न ऋणों के भुगतान में चूक की है। अतः, वर्तमान प्रकाशन एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (2) के प्रावधान के अनुसार और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रावधान के अनुसार नोटिस देने के लिए किया गया है :

| क्र. सं. | खाताधारक का नाम और पता, ऋणधारक(ओं) और जमानतदार(ओं) | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | मांग नोटिस की तिथि तक कुल बकाया राशि, ब्याज और अन्य व्यय सहित (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1. | रजनी जॉन मसीह, गंगाराम बरेठ | फ्लैट-291/3, प.ह.नं.61, मौजा घुरू, ख.नं. 290/7 (भाग), प.ह.नं.45, मौजा सकरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-पूर्व -विक्रेता की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की भूमि, उत्तर-प्रस्तावित सड़क, दक्षिण -विक्रेता की भूमि। | 2,065,877 |
| 2. | चंदा सोनी, राधेश्याम सोनी | फ्लैट-ख.नं. 37/31, मौजा चाँटीडीह, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. बिलासपुर विकासखंड बिल्हा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी- पूर्व - दुर्पति यादव की भूमि का भाग, पश्चिम - साहू की भूमि, उत्तर -सिंधी का मकान, दक्षिण-सड़क। | 568,441 |
| 3. | शुभांशु कुमार, शोभा देवांगन, गौरव देवांगन | प्लॉट-312/29, प.ह.नं.30, मौजा कोरमी, ख.नं. 312/29, प.ह.नं. 42, मौजा कोरमी, तहसील व जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-पूर्व - अन्य की भूमि, पश्चिम -20 फीट सड़क, उत्तर -विक्रेता की भूमि, दक्षिण -विक्रेता की भूमि। | 1,215,309 |
| 4. | सागर मंगेशकर, चांदनी मंगेशकर | प्लॉट- मौजा सैदा, ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. सकरी, मौजा सैदा, तहसील सकरी व जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - विक्रेता की भूमि। | 2,020,478 |
| 5. | दिलीप बंजारे, उमा देवी | प्लॉट- मौजा सैदा, ख.नं. 248/32, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001। चौहद्दी-पूर्व-सड़क, पश्चिम -विक्रेता का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 1,149,300 |
| 6. | संजय रजक, बिरस देवी रजक, कुश कुमार | मकान- मौजा अमेरी, ख.नं.268/26, प.ह.नं. 43, मौजा अमेरी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, बिलासपुर। छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम-देवेंद्र का प्लॉट, उत्तर-लक्ष्मी देवांगन भूमि, दक्षिण-संदीप का प्लॉट। | 2,455,272 |
| 7. | भगेला निर्मलकर, राजेश्वरी निर्मलकर | प्लॉट-मौजा पत्थरखान ख.नं 126/120, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील-बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-पूर्व-सड़क, पश्चिम-लोहरानी की भूमि, उत्तर-विक्रेता का प्लाट दक्षिण-विक्रेता का प्लाट। | 1,048,390 |
| 8. | व्यास अहिरवार, रजनी अहिरवार | प्लॉट-मौजा तिलसरा, ख.नं.519/20, मौजा तिलसरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. बिल्हा, ब्लॉक और तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-पूर्व- खिलावन सूर्यवंशी का प्लाट पश्चिम-रास्ता, उत्तर-जमुना प्रसाद, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट | 777,258 |
| 9. | मंगलू साहू, रूपा साहू | मकान-मौजा कोटा, ख. नंबर - 957/10, प.ह.नं.-5, मौजा- कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़ -495001। चौहद्दी- पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-निस्तारी सड़क, उत्तर-राहुल गौड़ की भूमि, दक्षिण-राजेश की भूमि। | 535,017 |
| 10. | उमेश यादव, अशोक कुमार यादव | प्लॉट-मौजा पत्थरखान, ख.नं.126/87, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, विकासखंड व तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी- पूर्व-20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम-अब्दुल साहिद की भूमि, उत्तर-अब्दुल साहिद की भूमि, दक्षिण-तस्लीम रजा की भूमि | 1,088,792 |

आपको इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को ब्याज और लागत सहित उपर्युक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं और गारंटरों की सभी या किसी एक या अधिक सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करेगी, जिसमें उनकी सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करना भी शामिल है। उक्त अधिनियम के तहत होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को प्राप्त शक्तियों में शामिल हैं : (1) ऋणधारकों/जमानतदारों की सुरक्षित संपत्तियों पर कब्जा करने की शक्ति, जिसमें सुरक्षित संपत्तियों को मुक्त करने के लिए पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है; (2) सुरक्षित संपत्तियों का प्रबंधन अपने हाथ में लेना, जिसमें पट्टे, आवंटन या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण का अधिकार शामिल है, और सुरक्षित संपत्तियों को वसूल करना; और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड द्वारा सुरक्षित संपत्तियों का कोई भी हस्तांतरण, हस्तांतरित सुरक्षित संपत्तियों के सभी अधिकारों और संबंधों में उसी प्रकार निहित होगा जैसे कि हस्तांतरण आपके द्वारा किया गया हो।

उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के प्रावधानों के अनुसार, आपको होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड की पूर्व सहमति के बिना, ऊपर उल्लिखित और होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के पास गिरवी रखी गई किसी भी सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी तरीके से (आपके व्यवसाय के सामान्य संचालन के अलावा) हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

स्थान : बिलासपुर, दिनांक : 07-03-2026 हस्ताक्षरकर्ता : अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 Regd. No. D.L.-33004/9

सत्यमेव जयते

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–सी.जी.–अ.–23022026–270410
CG-CG-E-23022026-270410

**असाधारण**
**EXTRAORDINARY**
भाग II – खण्ड – 3 – उप–खण्ड (ii)
Part II-Section 3-Sub-section (ii)
**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

सं. 904] नई दिल्ली, सोमवार, 23 फरवरी, 2026/फाल्गुन 4, 1947
No.904] NEW DELHI, MONDAY, 23 FEBRUARY, 2026/PHALGUNA 4, 1947

**रेल मंत्रालय**
**(दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे)**
**अधिसूचना**
**बिलासपुर, 20 फरवरी, 2026**
**रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20 ई के तहत अधिसूचना**

**का.आ. 948 (अ).** – केन्द्रीय सरकार ने, रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसके पश्चात् (अ) उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा के अधीन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3 उपखंड (II) में प्रकाशित भारत सरकार के रेल मंत्रालय की अधिसूचना **क्रमांक 5762 तारीख 23 दिसम्बर 2025**, (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिसूचना कहा गया है द्वारा उक्त अधिसूचना से उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि को विशेष रेल परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत झारसुगड़ा–रायगढ, रायगढ़–चांपा, **चांपा–गेवरारोड,** चांपा–बिलासपुर, तिल्दा–बिलासपुर, तिल्दा–दुर्ग, मुंडीकोटा–नागपुर, बिलासपुर–पेंड्रारोड–अनूपपुर और रायपुर–लखोली के मध्य में मौजूदा 1X25KV ट्रैक्शन सिस्टम को 3000 MT लोडिंग लक्ष्य को पूरा करने के लिए 2X25KV एटी फीडर व्यवस्था में अपग्रेड करने हेतु ओडिशा, छत्तीसगढ़, महराष्ट्र राज्य में निष्पादन के लिए अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी, और उक्त अधिनियम की धारा 20क की उप धारा (4) के अधिन 20क अधिसूचना का सार, **दैनिक भास्कर (हिन्दी), नवभारत (हिन्दी), टाइम्स ऑफ इंडिया (अंग्रेजी) में. दिनांक 08.01.2026** में प्रकाशित किया गया था, और निर्धारित समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई और उक्त अधिनियम की धारा **20घ के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रकरण का निराकरण किया गया** और उक्त अधिनियम की धारा 20ङ की उप धारा (1) के अनुसरण में सक्षम अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी हैं, अतः अब केन्द्रीय सरकार सक्षम अधिकारी से उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर और रेल अधिनियम, 1989 की धारा 20ङ की उप धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह घोषणा करती है कि इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि पुर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी, और यह कि केन्द्रीय सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20ङ के अनुसरण में यह घोषणा करती है इस अधिघोषणा के राजपत्र में प्रकाशित होने पर इससे उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगनों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यांतिक रूप से निहित हो जाएगी।

**अर्जित किये गए भूखंडो का विवरण :-**

| क्र. सं. | अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधिकारी | तहसील का नाम | ग्राम का नाम | पटवारी हल्का नं. | भू स्वामी का नाम | किस्म | खसरा संख्या | कुल क्षेत्रफल (हे.में) | अर्जित क्षेत्रफल (हे.में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) |
| 1 | अनुविभागीय अधिकारी (रा0) कोरबा, जिला–कोरबा, छत्तीसगढ़ | कोरबा | उरगा | प.ह.न. 27 | सतपाल सिंह पिता प्रताप सिंह<br>जगतपाल सिंह पिता प्रताप सिंह<br>भगतपाल सिंह पिता प्रताप सिंह<br>समारिन बाई बेवा प्रताप सिंह<br>पुरषोत्तम सिंह पिता सिदार सिंह<br>गायत्री बाई पिता सिदार सिंह<br>हरिनाम सिंह पिता निर्मल सिंह<br>हरगोबिन्द सिंह पिता जमींदार सिंह<br>तुलसी पिता जमींदार सिंह<br>कोमल सिंह पिता बलिहार 0020 सिंह<br>बेदप्रकाश पिता बलिहार सिंह<br>धनेश्वरी कंवर पिता बलिहार सिंह<br>तिहारिन बाई पति बलिहार सिंह<br>नेहल, प्रियांशु, दिव्यांश पिता घनश्याम<br>निशा कंवर पति घनश्याम | कृषि | 233/1 | 0.926 | 0.153 |
| | | | | | | | योग | 0.926 | 0.153 |

[फा.सं.–सीपीएम/इले/बीएसपी/2x25 के.वी. ओ.एच.ई/भूमि अधि./20ई/1723]
सीपीआर/10/731 विजय कुमार साहू, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक
शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *




### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

**दुनिया की** सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।




बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
आओ बच्चों सब मिलकर
हम भी घूमें गोल-गोल।
हम जो घूमें गोल-गोल
सर भी घूमा गोल-गोल।
संभलो-संभलो देखो तो
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।
छोटू-मुन्नू गोल-मोल।
हंसते-हंसते बोले फिर,
घूमेंगे हम गोल-गोल।
धरती घूमे गोल-गोल
चंदा घूमे गोल-गोल।
कभी न गिरते वे देखो
ऐसे घूमें गोल-गोल।



एआई इमेज

कहानी
सरस्वती रमेश


अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!

शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दादा जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'



एआई इमेज

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता
राजा चौरसिया



एआई इमेज

## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से
अपने दोनों कान लगाना।
ये है मच्छर वो है हाथी
अंतर मुझको अभी बताना।
डील-डौल की बात छोड़कर
अंतर कोई और बताओ।
अपनी आज अकल का घोड़ा
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर
में यह अंतर मेरे साथी।
हाथी को मच्छर काटे पर
मच्छर को ना काटे हाथी।

## जीके क्विज-195



1. हाल ही में केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते हैं?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमंडल से कौन सी गैस अवशोषित करते हैं?
7. मानव शरीर में खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?

बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई हैं। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: 3

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।



# आदिवासी होने के बावजूद, यदि कोई हिंदू परंपराओं का पालन कर रहा है, तो उस पर कानूनी प्रक्रियाएं लागू होंगी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा है कि हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह कर हिन्दू बनने वाले ट्रायबल दंपती को हिंदू सक्सेशन एक्ट से बाहर नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने आपसी सहमति से तलाक के आवेदन को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट ने कहा है कि पत्नी नॉन-ट्राइबल है और पति ट्राइबल है। दोनों ने अपनी शादी हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार की है, जिसमें सप्तपदी भी शामिल है और वे पूरी तरह से हिंदू बन गए हैं। फैमिली कोर्ट के सामने इसकी गवाही भी हुई है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने पारिवारिक अदालत द्वारा एक पारस्परिक तलाक की याचिका को यह कहते हुए खारिज करने के फैसले को पलट दिया कि वे अनुसूचित जनजाति से हैं। कोर्ट ने कहा है कि आदिवासी होने के बावजूद, यदि कोई हिंदू परंपराओं का पालन कर रहा है, तो उस पर कानूनी प्रक्रियाएं लागू होंगी।

- हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह करने वाले ट्रायबल दंपती को हिंदू सक्सेशन एक्ट से बाहर नहीं रखा जा सकता

याचिका के मुताबिक बस्तर निवासी अपीलकर्ताओं में से पत्नी शेड्यूल्ड कास्ट से हैं और पति शेड्यूल्ड ट्राइब से हैं। उनकी शादी 15 अप्रैल 2009 को हुई थी। 28 दिसंबर 2011 को उनका एक बेटा हुआ जो पत्नी के साथ रह रहा है। 6 अप्रैल 2014 के बाद से अलग रहने लगे। दोनों ने आपसी सहमति से तलाक का आवेदन किया। तलाक आवेदन में कहा गया कि उनके बीच शादी हिंदू रीति-रिवाजों और रस्मों के अनुसार हुई थी, जिसमें सप्तपदी करना भी शामिल है और वे हिंदुओं के रीति-रिवाजों को मान रहे हैं और हिन्दू बन गए है। परिवार न्यायालय ने ट्रायबल समुदाय में हिन्दू मैरिज एक्ट लागू नहीं होने के आधार पर आवेदन खारिज कर दिया था।

## परिवार न्यायालय का फैसला रद्द

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि मामले को पति- पत्नी ने हिंदू रीति-रिवाजों, परंपराओं को मानने का फैसला किया है, इसलिए उन्हें 1955 के एक्ट के दायरे से बाहर नहीं किया जा सकता है और उन्हें कस्टमरी कोर्ट के हवाले नहीं किया जा सकता है, क्योंकि 1955 के एक्ट के सेक्शन 2(2) का मकसद उनके (शेड्यूल ट्राइब के) कस्टमरी कानूनों, परंपराओं और रीति-रिवाजों की रक्षा करना है। कोर्ट ने कहा कि जगदलपुर परिवार न्यायालय ने इस बात का ध्यान नहीं रखा और अपील खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने परिवार न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया है।

# हाईकोर्ट का फैसला, प्रेम संबंध टूटना सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस संजय एस अग्रवाल ने कहा है कि केवल प्रेम संबंध टूट जाना या शादी से इनकार कर देना, किसी व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने (दुष्प्रेरण) का सबूत नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकारी पक्ष यह साबित न कर दे कि आरोपी की भूमिका आत्महत्या के मामले में सीधी और सक्रिय थी, तब तक उस पर दुष्प्रेरण का आरोप नहीं लगाया जा सकता। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील को खारिज कर दिया। साथ ही सत्र न्यायालय की ओर से दिए गए आरोपी को दोषमुक्त करने के फैसले को भी बरकरार रखा। मामला बिलासपुर जिले का है।

दरअसल चकरभाठा थाना क्षेत्र में रहने वाले सुनील कुमार साहू और 21 वर्षीय युवती के बीच दोस्ती थी। 2016 में दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन युवक के माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। इसी दौरान साल 2016 में ही युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोप लगाया गया कि घटना से 3-4 दिन पहले दोनों के बीच विवाद हुआ था। बताया गया कि युवक ने शादी से इनकार किया, जिससे आहत होकर युवती ने यह कदम उठाया। पुलिस ने सुनील के खिलाफ धारा 306 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया, उसमें युवती के पास से सुसाइड नोट मिलने का जिक्र था। हालांकि उस सुसाइड नोट में आरोपी पर कोई आरोप दर्ज नहीं था।

## बहन, पिता और मां बने गवाह

सरकारी वकील ने युवती की बहन, पिता और मां को गवाह बनाया। बहन ने प्रेम संबंध और शादी की बात स्वीकार की, लेकिन शादी से इनकार की बात उसने सुनी थी, सीधे आरोपी से नहीं। दूसरी बहन ने भी विवाह की बात, लेकिन आत्महत्या के कारण को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी। पिता ने कहा कि वे शादी के लिए तैयार थे, लेकिन युवक के पिता राजी नहीं थे। मां ने भी इनकार की बात सुनी होने की बात कही, पर स्वीकार किया कि उनके सामने ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट में आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत पेश नहीं हो सके। 23 जनवरी 2017 को चौथे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आरोप सिद्ध नहीं होने पर आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। इस फैसले के खिलाफ राज्य शासन ने धारा 378 के तहत हाईकोर्ट में अपील दायर की। हाईकोर्ट ने पाया कि सरकारी वकील यह साबित नहीं कर सका कि आरोपी ने मृतका को आत्महत्या के लिए उकसाया या प्रेरित किया था।

# वैकेंसी नहीं, प्रदेश में लगातार बढ़ रहा बेरोजगारी का ग्राफ, दुर्ग-बिलासपुर में सबसे ज्यादा पंजीकृत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

रायपुर जिले में बेरोजगारी का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, क्योंकि युवाओं के लिए अब शासकीय विभागों के कार्यालयों में नौकरी निकलना ही बंद हो गयी है, वहीं निजी सेक्टरों में भी प्लेसमेंट कैंप और रोजगार मेला के तहत भी युवाओं को जॉब आसानी से मिल नहीं पा रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश में रोजगार एक बड़ी समस्या के साथ चुनौती भी बन गया है। आंकड़ों की बात करें, तो प्रदेशभर में रोजगार कार्यालय में 15 लाख 79 हजार से भी ज्यादा बेरोजगार युवाओं ने नौकरी पाने की आस में अपना पंजीयन कराया है। इनमें सबसे अधिक बेरोजगार दुर्ग और बिलासपुर जिले में हैं, जहां पंजीकृत बेरोजगारों का आंकड़ा एक लाख से भी अधिक है। रायपुर जिले में भी 91 हजार से अधिक पंजीकृत बेरोजगार हैं, जिन्हें नौकरी की तलाश है। प्रदेश में बेरोजगारी के बढ़ते ग्राफ में पुरुष वर्ग के साथ महिला वर्ग का आकड़ा भी अब 7 लाख से अधिक पहुंच चुका है। प्रदेशभर में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 15 लाख 79 हजार 178 है, जिनमें महिलाओं की संख्या भी 7 लाख 29 हजार 484 है। बेरोजगारों में दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण करने वालों के अलावा स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल करने वाले, व्यावसायिक पाठ्यक्रम में विशेषज्ञता लेने वाले तथा तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने वाले युवक-युवतियां भी शामिल हैं। शिक्षा, व्यावसायिक तथा तकनीकी ज्ञान में डिग्री हासिल करने बेरोजगारों की संख्या भी लाखों में है।

## डिग्री मिली पर काउंसिल में 6 माह से पंजीयन नहीं शासकीय सेवा का मौका गंवा रही 2 हजार नर्सिंग छात्राएं

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद शासकीय अथवा निजी सेक्टर में सेवाओं के लिए छात्राएं पात्र नहीं हो पा रही हैं। लगभग 2 हजार छात्राओं ने नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन के लिए आवेदन किया है, जो पिछले 6 माह से शासकीय प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है। पंजीयन में हो रही देर पर विभागीय कामकाज की लेट लतीफी पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। प्रायवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन द्वारा इसे लेकर काउंसिल के अध्यक्ष से भी गुहार लगाई गई है। सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर शासकीय अस्पतालों में रिक्त पदों की पूर्ती के लिए व्यापक भर्ती की तैयारी की जा रही है। मगर राज्य में नर्सिंग के विभिन्न पाठ्यक्रम में डिप्लोमा अथवा डिग्री लेने वाली करीब दो हजार छात्राएं इसके लिए पात्र नहीं हो पा रही हैं। इसकी एकमात्र वजह नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन नहीं होना है। सूत्रों के मुताबिक पढ़ाई पूरी होने बाद प्रशिक्षण प्राप्त इन नर्सों का छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल में पंजीयन होना आवश्यक है। इनके द्वारा करीब 6 माह पहले आवेदन किया जा चुका है मगर काउंसिल के अध्यक्ष के अनुमोदन अथवा हस्ताक्षर की वजह से पंजीयन नहीं हो पा रहा है। छात्राएं इसे लेकर कई बार नर्सिंग काउंसिल के कार्यालय के चक्कर लगा चुकी है मगर कोई संतोष पूर्ण जवाब नहीं मिल पाया है। छात्राओं की परेशानी के जानने के बाद निजी नर्सिंग कालेज एसोसिएशन की ओर संचालक चिकित्सा सेवाएं से इस मामले में सहनुभुति पूर्वक विचार करने की मांग की है। एसोसिशन के अध्यक्ष महेन्द्र चौबे ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त नर्सों के साथ संबंधित संस्थाओं को भी इसकी वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। इधर नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने तमाम नर्सिंग कालेज को आईएनसी से 6 महीने के भीतर उपयुक्तता प्राप्त करने स्मरण पत्र जारी किया है। रजिस्ट्रार दुर्गा कुंजाम ने बताया कि आदेशों के अनुसार छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल रायपुर से मान्यता लेने के 6 माह के भीतर भारतीय उपचर्या परिषद से उपयुक्तता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
छ.रा.वि.मं. की एक उत्तरवर्ती कंपनी) (छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
कार्यालय - कार्यपालन अभियंता (नगर) संभाग, कोरबा
CIN: U40108CT2003SGC015822,
फोन नं. (07759)-227575 वेब साइड:- www.cspc.co.in.

क्रमांक/11-13/स्था./वि.जा./2026/4345 कोरबा, दिनांक 06/02/2026
प्रति,
श्री दीपक कुमार,
परिचारक श्रेणी-एक (ला.),
द्वारा :- सहायक अभियंता, छ.स्टे.पॉ. डिस्ट्री.कं. लिमि., दर्री जोन, कोरबा।
विषय :- विभागीय जांच।

आपके विरूद्ध स्टेण्डर्ड स्टेडिंग आदेश 1963 के नियम 12 (1) के उपनियम (त) के अंतर्गत विभागीय जांच संस्थापित करना प्रस्तावित किया गया है। जिन अवचार या कदाचार के आरोपों पर विभागीय जांच प्रस्तावित है। उसकी विषय-वस्तु संलग्न आरोप पत्र में दिया गया है। आरोप पत्र के समर्थन में अवचार या कदाचार के आरोपों का विवरण भी संलग्न है, उन दस्तावेजों की सूची जिनके आधार पर तथा उन साक्षियों की सूची जिनके द्वारा आरोप पदों का प्रमाणित किया जाना प्रस्तावित है, संलग्न है।

अत: इस पत्र प्राप्ति दिनांक से 03 दिनों के भीतर आप अपना लिखित बचाव कथन पत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष यह दर्शाते हुए प्रस्तुत करें कि क्या आप इस प्रकरण में व्यक्तिगत सुनवाई चाहते है ? यदि आप अपने बचाव में कोई दस्तावेज या गवाह प्रस्तुत करना चाहते है तो उनकी सूची भी अपने लिखित बचाव कथन पत्र के साथ प्रस्तुत करें। यदि आप संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन करना चाहे तो आरोप पत्र के साथ संलग्न सूची में वर्णित दस्तावेजों का अवलोकन इस कार्यालय में कर सकते हैं।

यदि निर्धारित समयावधि में आपका लिखित बचाव पत्र प्रस्तुत नहीं हुआ या आपने विभागीय जांच में हिस्सा लेने से इनकार किया तो विभागीय जांच कार्यवाही एकतरफा की जायेगी। संलग्न :- 01. आरोप पत्र 02. आरोपों का विवरण
03. दस्तावेजों की सूची 04. गवाहों की सूची
**(सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदित)**

**(रोशन लाल वर्मा)**
**(कर्म. सं.-5370191) कार्यपालन अभियंता (नगर)**
**संवाद- 47088** **संभाग छस्टेपॉडिस्ट्रीकंलिमि., कोरबा**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORK DEPARTMENT, BILASPUR CIRCLE**
**BILASPUR, CHHATTISGARH**

**AMENDMENT NOTICE**

Amendment are made in N.I.T. No. 509/G/2025-26/dated 17.02.2026:-

| NIT No. | Existing Description | To be extended |
|---|---|---|
| 509 | Last date of tender download - 03.03.2026 | Last date of tender download - 09.03.2026 |

Other conditions will remain same.

**Superintending Engineer**
**G.- 252607053/4** **PWD, Bilaspur Circle Bilaspur (CG)**

**नगर सेना, अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं, तथा राज्य आपदा मोचन बल, मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर 19 नवा रायपुर**

**सूचना**

क्रमांक/124/स्था.3/फायर भर्ती/2026 नवा रायपुर दिनांक 24-02-2026

**छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम की सूचना**

छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग में भर्ती के लिए लिखित परीक्षा हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के परीक्षा परिणाम विभाग की वेबसाईट https://firenoc.cg.gov.in एवं https://cghgcd.gov.in में अपलोड किया गया है। समस्त अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना शारीरिक दक्षता परीक्षा परिणाम उपरोक्त वेबसाईट मे देख सकते है एवं डाउनलोड कर सकतें है ।

**टीप :- वाहन चालक एवं वाहन चालक कम आपरेटर के लिखित परीक्षा हेतु पात्र अभ्यार्थियों के परिणाम शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं ड्रायविंग ट्रेड टेस्ट दोनो में सफल होने के उपरांत जारी किये गये है ।**

**निदेशक**
**नगरसेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन**
**जी. 252607069/2** **सेवाऐं तथा एसडीआरएफ छत्तीसगढ़**

**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(1st Call)**

No. 17/Raipur/2025-26 Raipur, Dated. 03.03.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work छत्तीसगढ़ के विभिन्न तहसील बिलासपुर, दुर्ग, अम्बिकापुर, कोरबा एवं रायगढ़ के लिये मॉडल तहसील भवन निर्माण हेतु वास्तुविद् नियुक्त करने बाबत।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 300.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture /consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-03 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 3,000-00 |

General condition: All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 25.03.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG PWD.

**Superintending Engineer**
**Public Works Department**
**जी-252607038/3** **Raipur Circle No-1 Raipur**

**रायगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास, रायगढ़ (छ.ग.)**
**कलेक्टोरेट परिसर पोस्ट चक्रधर नगर रायगढ़ छत्तीसगढ़ - 496001**
**फोन/फैक्स 07762-220310 Email-dmf-raigarh@cg.gov.in**

क्रमांक 1017/ डी.एम.एफ./ 2026 रायगढ़ दिनांक 03/03/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला खनिज संस्थान न्यास रायगढ़ वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिला खनिज संस्थान न्यास में परियोजना प्रबंधन एवं निगरानी ईकाई (PMU) कार्य हेतु निविदा प्रपत्र में Registered Company/LLP/Firm/Academic Institute (IIT/NIT/IIM) अपनी निविदा प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त कार्य की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी System Tender No. 186752 ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http:///eproc. cgstate.gov.in से देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27 मार्च 2026 अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| Event | Date/Details |
|---|---|
| RFP Release Date | March 03, 2026 |
| Pre-Bid Meeting | March 11, 2026 (Office of Collector & District Magistrate, Raigarh) |
| Last Date for Submission | March 27, 2026 Time 05:00 PM |
| Selection Method | QCBS (70% Technical : 30% Financial) |
| Contract Duration | 3 Years (Subject to annual performance review) |
| Mode of submission of Bid | Online at eproc.cgstate.gov.in |

नोट :-
* नियम एवं शर्तें संलग्न वेबसाईट http:///raigarh.gov.in एवं http:///eproc.cgstate.gov.in पर अपलोड है।
* कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखा जा सकता है।

**कलेक्टर,**
**सह पदेन अध्यक्ष**
**जिला खनिज संस्थान न्यास**
**जी-252607060/2** **जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

**चतुर्थ निविदा - ई प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
Website - www.cgmsc.gov.in,
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10752 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा में फायर फायटिंग का कार्य। (प्रपत्र-ब) | 100.33 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 11/03/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 23/03/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

**सं. 47097** **अधीक्षण अभियंता**

**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

**प्रथम निविदा - ई - प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
**Website - www.cgmsc.gov.in, Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in**

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10725 | जिला दुर्ग के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धमधा में फायर फाइटिंग सिस्टम सीोपित किये जाने के लिये निर्माण कार्य। (प्रपत्र-ब) | 32.50 |
| 2 | 10726 | जिला दुर्ग के खाद्य एवं औषधि विभाग के संभागीय कार्यालय के प्रथम एवं द्वितीय तल भवन का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 56.12 |
| 3 | 10727 | जिला सरगुजा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य भगवानपुर को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य केन्द्र (हमर अस्पताल) के रूप में उन्नयन कार्य। (प्रपत्र-अ) | 46.77 |
| 4 | 10728 | जिला सरगुजा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य नवागढ़ को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य केन्द्र (हमर अस्पताल) के रूप में उन्नयन कार्य। (प्रपत्र-अ) | 46.77 |
| 5 | 10729 | जिला सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में कैंपस रोड, ड्रेनेज सिस्टम, बाउण्ड्रीवाल एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 78.23 |
| 6 | 10730 | जिला सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती में समतलीकरण का कार्य। (प्रपत्र-अ) | 5.84 |
| 7 | 10731 | जिला सरगुजा (अम्बिकापुर) में फिजियोथैरेपी यूनिट का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 23.39 |
| 8 | 10732 | जिला बीजापुर ब्लॉक उसूर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उसूर में 20 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 30.48 |
| 9 | 10733 | जिला बस्तर ब्लॉक बकावण्ड के उप स्वास्थ्य केन्द्र पाउरवेल एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बड़े उमरगांव में 06 बिस्तर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 18.28 |
| 10 | 10734 | जिला कांकेर ब्लॉक कोईलीबेड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बांदे एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बांदे में 06 बिस्तर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (प्रपत्र-अ) | 18.28 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 11/03/2026 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 02/04/2026 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रकिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

**स. 47095** **अधीक्षण अभियंता**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**

फा.क्र./संपदा/15/भवन/2026/19143 कोरबा दिनांक 27/02/26

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा आबंटित भवन / भूखण्ड/ दुकान के विक्रय/ लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लीज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | प्रकार/ क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| भवन | | | | |
| 1 | श्रीमती मिथलेश खरे, पति स्व. कैलाश खरे, निवासी एम.आई.जी. 53 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती बबीता उपाध्याय, उम्र 37 वर्ष, पति श्री नवीन उपाध्याय, निवासी एम.आई.जी. 22 सी1 सी 2 सुभाष नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एम.आई.जी. 53 |
| 2 | श्रीमती कृष्णा चन्द्र पति श्री देवेन्द्र कुमार राजपूत, निवासी बी-104 चिल्ड्रन पार्क, बसंत विहार कॉलोनी लिंगियाडीह, साउथ ईस्टर्न कोल लिमिटेड बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) | श्रीमती विमला चन्द्रा, उम्र 42 वर्ष, पिता श्री जीवराखन चन्द्रा, निवासी म.नं. 11 खपरा भट्ठा, बुधवारी कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | ई.डब्ल्यू.एस. 324 |
| 3 | श्री नरेन्द्र पाल सिंह पिता स्व.राम स्वरूप सिंह एवं श्रीमती मंजू सिंह पति श्री नरेन्द्र पाल सिंह, निवासी ई.डब्ल्यू.एस. 14 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, तहसील जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती सरोजनी यादव, उम्र 44 वर्ष, पिता स्व. नागेश यादव व पति श्री बालकृष्ण श्रीवास, निवासी प्लाट नं. 999 डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.), हा.मु - एम.आई.जी. 30. डॉ.राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोसाबाड़ी कोरबा | ई.डब्ल्यू.एस. 14 |
| 4 | श्री हितेश पुरी गोस्वामी पिता स्व. महेश पुरी गोस्वामी एवं श्रीमती खुशी गोस्वामी पति श्री हितेश पुरी गोस्वामी, निवासी- एम.आई.जी. I/176 महाराणा प्रताप नगर कोरबा तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती सीमा सिंह, उम्र 51 वर्ष, पति श्री बलवंत सिंह, निवासी एम.आई.जी. 1/176 महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तहसील व जिला - कोरबा (छ.ग.) | महाराणा प्रताप नगर कोसाबाड़ी कोरबा | एम.आई.जी.-I/176 |
| 5 | श्री बजरंग लाल अग्रवाल पिता स्व.चन्द्र भान अग्रवाल एवं श्रीमती उमा अग्रवाल पति श्री बजरंग लाल अग्रवाल, दोनो निवासी एल.आई. जी. 16, महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती भारती देवी अग्रवाल, उम्र 51 वर्ष, पति स्व. किशोरी लाल अग्रवाल, निवासी ई.डब्ल्यू.एस. 52. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) | डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर कोसाबाड़ी कोरबा | ई.डब्ल्यू.एस. 52 |
| 6 | श्री सालिक साहू पिता स्व. रूनवाराम साहू एवं श्रीमती तुलसी साहू पति श्री सालिक राम साहू, निवासी एल.आई.जी. 53, शारदा विहार कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) | श्री नीरज पिता श्री रतन लाल अग्रवाल एवं श्रीमती रेनू अग्रवाल पति श्री नीरज अग्रवाल, निवासी 106/2 गोविंद टाकिज नारनौल, महेंद्रगढ़ (हरियाणा) | शारदा विहार कोरबा | एम.आई.जी. 53 |

**संपदा अधिकारी**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**

**प्रारूप-एक**
**(नियम 11 देखिए)**
**कार्यालय कलेक्टर जिला रायगढ़ एवं पदेन उप सचिव, छ.ग. शासन**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**अधिसूचना**

भू-अर्जन पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है अर्थात :-

| जिला | तहसील | ग्राम/नगर | क्षेत्रफल (हे. में) | लोक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| रायगढ़ | खरसिया | खरसिया | 0.377 | खरसिया बायपास मार्ग क्र. 1 निर्माण हेतु |

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 12/03/2026 को समय 11.00 बजे स्थान पं. दी.द. उ.सामु. भवन खरसिया पर नियत की गई है:-
प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है :-

(1) लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण- खरसिया बायपास मार्ग क. 1 निर्माण हेतु
(2) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या 05
(3) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या निरंक
(4) प्रभावित क्षेत्र में निजी मकान तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या निरंक
(5) प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकान तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या - निरंक
(6) क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है?- हां
(7) क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है?- हॉ
(8) परियोजना की कुल लागत बजट वर्ष 2004-05 निर्माण लागत 94.78 लाख, बजट वर्ष 2018-19 उन्नयन कार्य लागत 1262.91 लाख
(9) परियोजना से होने वाला लाभग्राम मौहापाली एवं खरसिया नगर के बीच आवागमन सुगम होगा, साथ ही नगरवासियों की सामाजिक आर्थिक उन्नति होगा।
(10) प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय- 05 लाख
(11) परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक- निरंक

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सह,**
**भू-अर्जन अधिकारी खरसिया**
**कलेक्टर,**
**रायगढ़ (छ.ग.)**
**जी-252607029/1**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### देश में राजस्थान के ....

जिन्होंने अपनी मेहनत से सफलता की नई इबारत लिखी है। लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की गई है।

अन्य टॉपर्स जो रहे टाप-20 में

टॉप टेन के साथ ही यूपीएससी के 20 टॉपर्स के नाम घोषित हो चुके हैं। इनमें 11वें नंबर पर यशस्वी राजवर्धन, 12वें पायदान पर अक्षित भारद्वज, 13 नंबर पर अनन्या शर्मा, 15वें स्थान पर सिमरनदीप कौर, 16वें पर मोनिका श्रीवास्तव, 17वें स्थान पर चितवन जैन, 18वें पायदान पर श्रुति आर, 19वें स्थान पर निसार दिशांत अमृतलाल और 20वें नंबर पर रवि राज हैं।

### आईआईटी से एमटेक ....

*यूपीएसी की तैयारी में जुट गई। उन्हें यूपीएससी के तीसरे प्रयास में सफलता मिली है। पहले दो प्रयासों में असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी कमियों को समझा और उन्हें सुधारने पर काम किया। उन्होंने बताया कि दिल्ली में हुए साक्षात्कार के दौरान उनसे एक बेहद रोचक सवाल पूछा गया। इंटरव्यू के समय वैभवी ने छत्तीसगढ़ी ट्राइबल आर्ट डिजाइन वाली साड़ी पहन रखी थी। पैनल के एक सदस्य ने उनसे पूछा कि साड़ी पर बना यह आर्ट क्या दर्शाता है? इस सवाल के जवाब में वैभवी ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ की मुड़िया जनजाति से जुड़ा पारंपरिक आर्ट है। उनके इस जवाब से इंटरव्यू पैनल काफी प्रभावित हुआ। वैभवी के पिता शीतल अग्रवाल ने बताया कि जब वैभवी केवल 4 साल की थी, तब उनकी मां प्रतिभा अग्रवाल का निधन हो गया था। वैभवी यूपीएससी में चयन के बाद महिलाओं की बेहतरी के लिए कार्य करना चाहती हैं।*

### 8 साल कैंसर से .....

*सहनीय दर्द से तोड़कर रख दिया। मध्यवर्गीय किसान पिता लखन डहरिया और माता रेशम डहरिया के लिए आर्थिक परेशानी खड़ी हो गई। बेटे के लिए माता-पिता ने किसी भी तरह इलाज का खर्च उठाया। संजय कैंसर से 2019 में उबर गए। इसके बाद माता-पिता के त्याग और अपने समर्पण से मंजिल फतह कर ली। संजय ने बताया कि उसने 5वीं तक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई की है। इसके बाद 6वीं कक्षा से 12वीं तक नवोदय विद्यालय माना से हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई पूरी की और कला संकाय से स्नातक की पढ़ाई की।*

*इंजीनियरिंग की, लेकिन सेवा के लिए समाजशास्त्र लेकर क्लीयर किया यूपीएससी*

*बीजापुर जिले के भैरमगढ़ निवासी साधारण किसान सकनी चंद्रैया और माता जमुना सकनी के पुत्र अंकित ने यूपीएससी में 816वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 5वीं तक की प्रारंभिक शिक्षा भैरमगढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में प्राप्त की। उसके बाद जवाहर उत्कर्ष योजना में उत्तीर्ण होकर निजी विद्यालय में शिक्षा हासिल की। भिलाई इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर 2022 में पासआउट होने के बाद यूपीएससी की तैयारी शुरू की। उनका कहना है, आईएएस मेरा लक्ष्य था इसलिए पिछले 3 साल से ऑनलाइन गाइडेंस लेकर पढ़ाई करता रहा। इस सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा टीचर्स को जाता है, जिन्होंने मुझे पढ़ाई में मदद के साथ प्रेरित किया। अंकित ने कहा कि उन्हें आईपीएस अलॉट होने की उम्मीद है लेकिन आईएएस बनने के लिए प्रयास लगातार जारी रखेंगे। उन्होंने इस सफलता के लिए 9 से 10 घंटे तक नियमित पढ़ाई करने की बात कही। यूपीएससी के लिए उन्होंने समाजशास्त्र विषय का चयन किया। उनके पिता जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में बीजापुर जैसे पिछड़े और संवेदनशील क्षेत्र में जन सेवा का कार्य कर चुके हैं।*

### इजराइली बमबारी में ....

इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की 22वीं खेप दागी है। साथ ही कुवैत में मौजूद अमेरिकी सैन्य बेस को सुसाइड ड्रोन से निशाना बनाकर हमला करने का दावा किया है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 की 22वीं लहर के तहत इजराइल के कब्जे वाले क्षेत्रों के अंदरूनी हिस्सों को निशाना बनाया गया। ईरान ने गुरुवार को बहरीन की सरकारी तेल रिफाइनरी बापको पर मिसाइल से हमला किया। इससे रिफाइनरी की एक यूनिट में आग लग गई। हालांकि बाद में आग काबू कर ली गई। कई मिसाइलों को इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम ने रास्ते में ही गिरा दिया। वहीं इजराइल का हमला अब अगले स्टेज में जाएगा इजराइल के सेना प्रमुख इयाल जमीर ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अब अगले स्टेज में जा रही है। उनका कहना है कि आने वाले समय में हमले और तेज होंगे और इससे ईरान की सरकार और उसकी सैन्य ताकत को और कमजोर किया जाएगा। जमीर ने यह भी कहा कि आगे कुछ और बड़े कदम उठाए जाएंगे, लेकिन उन्होंने उनके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी।

लेबनान में इजराइली हमलों से 5 की मौत

इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के सिडोन शहर पर हमला किया है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस हमले में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हुए हैं। सिडोन दक्षिणी लेबनान का एक प्रमुख शहर है। हाल के दिनों में इजराइल और लेबनान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच इस इलाके में लगातार हमलों की खबरें सामने आ रही हैं।

फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे

फ्रांस के परिवहन मंत्री ने बताया कि ईरान जंग की वजह से फारस की खाड़ी में 52 फ्रांसीसी जहाज फंसे हुए हैं और 8 जहाज रेड सी में रुके हुए हैं। इलाके में बढ़ते तनाव की वजह से जहाज आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। फ्रांस सरकार जहाजों पर मौजूद क्रू से लगातार संपर्क में है, क्योंकि कई जहाजों पर फ्रांसीसी नाविक भी सवार हैं। फ्रांस अब इस क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर कदम उठाने की कोशिश कर रहा है।

ईरान के शिराज शहर पर हमला, 20 लोगों की मौत

ईरान के शिराज शहर में अमेरिका और इजराइल के हमले में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। ईरान के अधिकारियों के मुताबिक यह हमला शहर के जीबाशहर इलाके के रिहायशी क्षेत्र में हुआ, जिसमें कई आम लोग मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार इस हमले में दो मेडिकल कर्मचारियों की भी जान चली गई।

### जमीनी हमले को लेकर ....

तो उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि ईरान की धरती पर कदम रखने वाला कोई भी दुश्मन जिंदा वापस नहीं जाएगा उसे ताबूत में ही वापस भेजेंगे।

### आईपीएल में इस बार फ्री टिकट...

टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खुद शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की 65 हजार सीटों की टिकट बेचेगी। रायपुर में होने वाले ये आईपीएल मैच पूरी तरह से कमर्शियल रहेंगे। यही वजह है कि फ्रेंचाइजी की ओर से मंत्री, विधायक या अन्य वीआईपी लोगों को कॉम्प्लिमेंट्री टिकट मिलने की संभावना न के बराबर है।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से हुई बातचीत में यह स्पष्ट हुआ है कि कॉम्प्लिमेंट्री टिकट किसे देना है और किसे नहीं, यह पूरी तरह से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मैनेजमेंट ही तय करेगा। संघ की ओर से किसी भी प्रकार का कोई टिकट जारी नहीं किया जाएगा। वर्तमान में यह स्टेडियम छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के अधीन है। ऐसे में मैच के लिए स्टेडियम आरसीबी को दिया जाएगा, जिसके बदले में फ्रेंचाइजी संघ को भुगतान भी करेगी। हालांकि, इस विषय पर अभी अंतिम चर्चा होनी बाकी है। जानकारी के मुताबिक, मैच के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ को सिर्फ ऑपरेशनल कार्य सौंपे जा सकते हैं, जिनमें ग्राउंड स्टाफ, मेंटेनेंस और अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं।

### 65 हजार टिकटों से होगी 10 करोड़ से...

से होने वाली कमाई 8 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। बता दें कि इस साल जनवरी और फरवरी में रायपुर में हुए टी-20 और वनडे मैचों के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने लगभग 48 हजार सीटें ही बेची थीं। बाकी बची हुई सीटें मंत्री, विधायक और अन्य वीआईपी लोगों को कॉम्प्लिमेंट्री के तौर पर दी गई थीं। गौरतलब है कि वनडे मैच के दौरान लोक निर्माण विभाग के स्टाफ को कॉम्प्लिमेंट्री टिकट न मिलने पर काफी आक्रोश देखने को मिला था।

### होली की खुशियां मातम में बदली दो....

करडेगा से कुनकुरी की ओर जा रही थी और उसमें दो दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। तेज रफ्तार बस अचानक नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क किनारे स्थित स्वः सुरेंद्र सिंह के निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की दीवार को तोड़ते हुए पलट गई। बस पलटते ही अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और आसपास का इलाका दहशत से भर गया। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। कई लोग बस के नीचे और अंदर फंसे हुए थे, जिन्हें ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इसके साथ ही पुलिस और प्रशासन को भी सूचना दी गई।

कलेक्टर-एसएसपी पहुंचे अस्पताल, लिया हालचाल

दुर्घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा मौके पर पहुंचे और बाद में अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। कलेक्टर ने चिकित्सकों को निर्देश दिया कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

बुलाए गए अतिरिक्त डॉक्टर

घायलों के उपचार के लिए जिला अस्पताल जशपुर सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों से अतिरिक्त डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को कुनकुरी भेजा गया ताकि सभी मरीजों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित किया जा सके।

इनकी हुई है मृत्यु

महेश राम उम्र 45 वर्ष, पिता रथु राम, मकरीबंधा तपकरा,
बिमला उम्र 42 वर्ष, पति महेश, मकरीबंधा,
संपति देवी उम्र 52 वर्ष, पति केशवर, सिमडेगा,
दिग्गेश्वर उम्र 40 वर्ष, पिता दिलभजन, ढोढ़ी कुरडेग,
घनश्याम (5 माह), पिता दिग्गेश्वर, ढोढ़ी कुरडेग

इस हादसे में पांच माह के मासूम बच्चे की मौत ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।

जांच शुरू, बढ़ सकता है मौत का आंकड़ा

